



आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 293-● जबलपुर ●सोमवार, 29 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कृष्ण पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## ओमीक्रोन वेरिएंट से दहशत, भारत में एयरपोर्ट पर अलर्ट

**नई दिल्ली।** ओमीक्रोन कोरोना वायरस वेरिएंट को लेकर दुनियाभर में दहशत है। नीदरलैंड, डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया के बाद अब कनाडा में भी ओमीक्रोन वेरिएंट के मामले सामने आए हैं। भारत सरकार ने भी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर समीक्षा शुरू कर दी है। शनिवार को सरकार ने उन देशों की सूची जारी की, जहां से ओमीक्रोन के यात्रियों के आने का खतरा अधिक है। इन देशों में दक्षिण अफ्रीका, चीन, बोत्सवाना, यूके, ब्राजील, इजराइल, बांग्लादेश, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर और हांगकांग जैसे देश शामिल है। कनाडा में भी दो ओमिक्रोन संक्रमित मिले है और अब इस सूची में कनाडा को भी शामिल किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया है कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के परीक्षण और निगरानी पर मानक संचालन प्रक्रिया की समीक्षा करने का फैसला किया है। यह विशेष रूप से जोखिम वाले देशों से आने वाले यात्रियों के लिए है। परीक्षण प्रोटोकॉल के लिए एयरपोर्ट स्वास्थ्य अधिकारियों और बंदरगाह स्वास्थ्य अधिकारियों को संवेदनशील बनाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अलर्ट जारी कर दिया है। भूषण ने राज्य सरकारों को पत्र में लिखा है कि जोखिम भरे देशों के यात्रियों की स्क्रीनिंग और 14 दिनों के क्वारंटाइन के साथ-साथ राज्यों को हॉटस्पॉट या उन क्षेत्रों पर नजर रखना जारी रखना चाहिए। भारत आने पर जोखिम भरे देशों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कोविड टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है।

# पीएम की अपील का असर नहीं

## हंगामे के कारण लोकसभा और राज्यसभा स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। आज ही सरकार कृषि कानूनों की वापसी का बिल पेश करेगी। लोकसभा में पास होने के बाद इसे आज ही राज्यसभा में भी पेश करेगी। वहीं एमएसपी पर गारंटी कानून के लिए आज भी विपक्ष ने दोनों सदन में हंगामा किया। इस दौरान कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने स्थगन प्रस्ताव दिया है। विपक्ष के हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी 12.19 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज यानी सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हो गया है। दोनों सदनों की कार्यवाही भी शुरू हो गई और हंगामा की भेंट भी चढ़ गई। संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद राहुल गांधी संसद पहुंचे।



### कोरोना के नए वैरिएंट से सावधान रहने की जरूरत- पीएम

सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना के नए वैरिएंट से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं सदन के सभी साथियों को भी इससे सावधान रहने की अपील करता हूं।

### देश के नागरिक एक उत्पादक सत्र चाहते

शीतकालीन सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह संसद का एक महत्वपूर्ण सत्र है। देश के नागरिक एक उत्पादक सत्र चाहते हैं। वे उज्जवल भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निभा रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं आशा करता हूं कि भविष्य में संसद को कैसा चलाया, कितना अच्छा योगदान रहा इस तराजू में तोला जाए न कि किसने कितना जोर लगाकर संसद के सत्र को रोक दिया। मानदंड ये होगा कि संसद में कितने घंटे काम हुआ कितना सकारात्मक काम हुआ।

## कृषि कानून वापसी बिल लोकसभा में पास



लोकसभा में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सोमवार को कृषि कानून निरसन विधेयक 2021 पेश किया और कुछ देर बाद ही इसे पास कर दिया गया। वहीं विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कृषि के तीनों कानून वापस लेने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में आज कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन किया। बता दें आज सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हो गया है। दोनों सदनों की कार्यवाही भी शुरू हो गई है।

## ये हंसता खेलता परिवार बना सूदखोरी का शिकार पांचवें सदस्य की भी मौत



**भोपाल।** सूदखोरों से परेशान होकर जहर खाने वाले परिवार के पांचवे और अंतिम सदस्य की भी मौत हो गई। संजीव जोशी की पत्नी अर्चना जोशी ने सोमवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे पहले शनिवार को उनके पति संजीव जोशी और बड़ी बेटी ग्री?मा की मौत हो गई थी। वहीं शुक्रवार को उनकी सास और छोटी बेटी की मौत हो गई थी। इधर, पुलिस ने इस मामले में आरोपति चारों महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि न्यू अशोका विहार कालोनी आनंद नगर में रहने वाले संजीव जोशी (47), उनकी पत्नी अर्चना जोशी (45), संजीव की मां नंदनी (67), बेटी ग्रेशिमा (19) और छोटी बेटी पूर्वी जोशी (16) ने मिलकर पेय पदार्थ में मिलाकर गुरुवार रात को जहरीला पदार्थ पी लिया था। इंटरनेट मीडिया पर उनके वीडियो और सुसाइड नोट देखने के बाद रिश्तेदार और पुलिस निजी असपताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को संजीव की मां नंदनी और छोटी बेटी पूर्वी ने दम तोड़ दिया था। शनिवार को संजीव की बड़ी बेटी ग्रेशिमा की मौत हो गई थी।

**फटाफट खबरें**



### जीत सकता है न्यूजीलैंड पहला टेस्ट

**कानपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का आज पांचवां और आखिरी दिन है। आखिरी दिन लंच का समय हो गया है। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन के स्कोर में बिना कोई विकेट गंवाए 75 रन जोड़ लिए हैं। न्यूजीलैंड को अब जीत के लिए 205 रनों की आवश्यकता है जबकि भारत को 9 विकेट लेने होंगे।

### सनकी आशिक ने किए थे चार कत्ल

**प्रयागराज।** फाफामऊ के गोहरी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में रविवार को बड़ी कार्रवाई हुई। पुलिस ने पड़ोस के गांव में रहने वाले पवन सरोज को गिरफ्तार करते हुए बताया कि वह वारदात में मारी गई किशोरी पर बुरी नजर रखता था। उसे व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर परेशान करता था। वारदात से कुछ घंटों पहले भी उसने उसे आई लव यू का मैसेज भेजा था। जिसके जवाब में किशोरी ने उसे मैसेज के जरिए ही जलील किया था। अफसरों का कहना है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य उसके खिलाफ हैं और इसी आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। उसका एक साथी व ममेरा भाई गायब है।



### जलती ट्राली दौड़ाई

**भिण्ड।** भिंड के मेहगांव इलाके में बीच बाजार से गुजरते वक्त अचानक पराली से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली में भीषण आग लग गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को सड़क पर जलती ही ट्रॉली समेत दौड़ता रहा और जलती हुई पराली सड़क पर फैलाता रहा है। आग का यह तांडव देखकर लोग दहशत में आ गए।

## महिला ने पुलिस कांस्टेबल की बच्ची को जिंदा दफनाया



**लुधियाना।** के शिमलापुरी इलाके में रविवार दोपहर को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक महिला ने पंजाब पुलिस के कांस्टेबल की ढाई साल की बच्ची को घर के बाहर से अगवा किया और उसे जिंदा ही जमीन में दफना दिया। घटना का पता उस समय चला जब बच्ची के परिवार वाले उसे ढूंढते हुए बाहर निकले लेकिन बच्ची कहीं नहीं मिली। जब आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए तो पता चला कि बच्ची को उसकी पड़ोसी महिला साथ लेकर गई है। जब उन्होंने महिला से पूछा तो उसने कोई सही जवाब नहीं दिया। इसके बाद बच्ची के परिवार वालों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना शिमलापुरी की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से सख्ती से पूछताछ की गई। महिला ने बताया कि वह बच्ची को सलेम टाबरी इलाके में दफना आई है, ये सुनकर सभी सन्न रह गए। पुलिस ने कांस्टेबल हरप्रीत सिंह की शिकायत पर आरोपी नीलम के खिलाफ अपहरण व हत्या के साथ अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## मुंह में चरस छुपाकर जेल में ले जाते 3 प्रहरी पकड़ गए

**उज्जैन।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ मैं रविवार शाम को तीन जेल प्रहरी यों को मुंह में चरस छुपाकर अंदर ले जाते हुए पकड़ा है। जेल अधीक्षक उषा राज ने तीनों को सस्पेंड कर जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस को भी कार्रवाई के लिए शिकायत की जाएगी। रविवार शाम करीब 6.30 बजे प्रहरी यशपाल कहार जेल पहुंचा और अंदर जाने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान मुंह फूला होने से शंका होने पर गेट कीपर मंगल उईके ने उसे मुंह खोलने के लिए कहा। पहले उसने गुटखा होने का बहाना बनाया, लेकिन जबरन मुंह खुलवाया तो उसमें पन्नी में पांच ग्राम चरस मिली। अधिकारी उससे पूछताछ कर ही रहे थे ।

## मंत्रालय में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस



### माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की लेंगे जानकारी, कोरोना की स्थिति की समीक्षा भी

**भोपाल।** मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कलेक्टर-कमिश्नर, आईजी-पुलिस अधीक्षक (एसपी) कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। इस दौरान वे माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की जानकारी लेंगे। प्रदेश में न्यूनतम समर्थ मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों के साथ ही कोरोना की मौजूदा स्थिति पर इस बैठक में कोरोना की स्थिति को लेकर समीक्षा की जाएगी। साथ ही, कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।



## बेटे को काटा तो कुत्ते को बेरहमी से चाकू से काट डाला

**ग्वालियर।** इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमे एक व्यक्ति कुत्ते को चाकू से बेरहमी से काट रहा है। जिस तरह से कसाई जानवर को काटता है उसी तरह से वह कुत्ते को गुस्से से काट रहा है और उसके टुकड़े टुकड़े कर देता है। इंटरनेट मीडिया पर वारयल इस वीडियो के बारे में पता किया गया तो सामने आया कि वीडियो डबरा के सिमरिया गांव का है। कुत्ते को बेरहमी से काटने वाला एक झोला छाप डॉक्टर है। अभी इस मामले में पुलिस के पास कोई शिकायत नहीं पहुंची है। वीडियो को लेकर बताया जाता है कि एक झोला छाप डॉक्टर के बेटे को कुत्ते ने काट लिया था।

## कर्मचारियों के बंद ईपीएफ खाते फिर से शुरू किए जाएंगे

**भोपाल।** हर साल हजारों कर्मचारियों के खाते बंद कर दिए जाते हैं लेकिन अब नियम बदल रहे हैं। नए नियमों में प्रावधान किया जा रहा है कि कर्मचारियों के बंद हो चुके खातों को फिर से शुरू किया जा सकता है। इसके लिए उन्हें मात्र ?500 न्यूनतम शुल्क अदा करना होगा। उल्लेखनीय है कि नौकरी छूट जाने के बाद अक्सर श्वक्क्न अकाउंट बंद हो जाता है। एक अंग्रेजी वेबसाइट में छपी खबर के अनुसार ईपीएफओ इस नए नियम पर काम कर रहा है। जो कर्मचारी ईपीएफओ के सदस्य थे, लेकिन किसी कारण खाता बंद हो गया। वे महीने में 500 रुपए देकर या मासिक वेतन का 13 फीसद देकर ईपीएफओ से जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईपीएफओ जमा-लिंक्ड बीमा योजना पर इसके प्रभाव का आकलन करने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि का अनुमान है कि 2018-20 के दौरान लगभग 4.8 लाख लोग संगठन से बाहर हो गए हैं। जिनका डेटाबेस ईपीएफओ के पास आसानी से उपलब्ध है। साल 2020 में कोरोना संक्रमण के कारण यह संख्या अधिक हो सकती है। इससे लाखों श्रमिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

## निवेशकों में कम हुआ वैरियंट का खौफ

### सेंसेक्स 436 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 17 हजार के पार

**नई दिल्ली।** आज बड़ी गिरावट के साथ शुरुआत करने के बाद आखिरकार बाजार में रौनक वापस लौट आई है। कोरोना के नए ओमिक्रॉन वैरियंट का डर निवेशकों में कम होने के चलते शुरुआती गिरावट तेजी में बदल गई। फिलहाल, बीएसई का सेंसेक्स 436.55 अंक या 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 57,543.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि एनएसई का निफ्टी 113.55 अंक या 0.67 फीसदी तेजी के साथ फिर से 17 हजार का आंकड़ा पा चुका है और 17,140 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बाजार शुरू होते ही 668 अंक टूटा था सेंसेक्स गौरतलब है कि आज बाजार हरे निशान पर खुला अगले ही मिनट में धड़ाम हो गया। बाजार खुलते ही बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 668 अंक की गिरावट के साथ 56,400 के स्तर पर पहुंच गया और एनएसई का निफ्टी 248 अंक टूटकर 16,900 तक लुढ़क गया। इसके बाद एक बार सेंसेक्स 725 अंक तक टूट गया था। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना के नए रूप के बढ़ते प्रकोप के बीच कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1687.94 अंक या 2.87 फीसदी की गिरावट के साथ 57,107.15 के स्तर पर बंद हुआ था, जबकि एनएसई का निफ्टी 509.80 अंक या 2.91 फीसदी टूटकर 17026.45 के स्तर पर बंद हुआ था।



## संसद का घेराव और खालिस्तानी झंडा फहराने की साजिश



**नई दिल्ली** सिख फॉर जस्टिस संगठन द्वारा किसानों से संसद का घेराव करने और खालिस्तानी झंडा फहराने की अपील करते हुए एक ऑनलाइन वीडियो जारी करने के बाद खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट जारी किया है। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों ने खुफिया एजेंसियों द्वारा सतर्क रहने के लिए कहा है। सिरसा में किसान आंदोलन के तहत संसद तक ट्रैक्टर यात्रा को लेकर शनिवार को फोन कॉल भी आई। इसमें ट्रैक्टर लेकर संसद कूच का आह्वान किया गया। साथ ही खालिस्तान का झंडा लेकर जाने की बात कही गई। कॉल के दौरान कहा गया कि सिख फॉर जस्टिस इसके लिए सवा लाख डॉलर देगा। शनिवार को लोगों के मोबाइल पर कॉल आई। इसमें 29 नवंबर को ट्रैक्टर लेकर संसद कूच का आह्वान किया गया। खास तौर पर पंजाब के किसानों और युवाओ को पंजाबी में संबोधित करते हुए कहा जा गया कि खालिस्तान का केसरी झंडा लेकर चढ़ जाओ। इस पर सिख फॉर जस्टिस सवा लाख डॉलर देगा।




## भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल बोला मेरा फिर से हो सकता है अपहरण



**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा क्से अपहरण होने की आशंका जताई है। मेहुल चोकसी ने कहा कि उसे डर है कि फिर से अपहरण किया जा सकता है। न्यूज एजेंसी से विशेष बातचीत में चोकसी ने कहा, मेरा फिर से अपहरण कर गुयाना ले जाया जा सकता है, जहां अच्छी खासी भारतीयों की उपस्थिति है। वहां से गैरकानूनी और अवैध तरीके से भारत भेजने की प्रक्रिया की जा सकती है। चोकसी ने बताया कि वे खराब सेहत की वजह से फिलहाल एंटीगुआ में अपने घर पर है, लेकिन मुझे इसका एहसास है कि भारत ले जाने के लिए मेरा एक बार फिर से अपहरण किया जा सकता है। चोकसी ने कहा कि वो पिछले कुछ महीनों डरे और सहमे हैं। खराब स्वास्थ्य के कारण अपने घर से भी बाहर नहीं निकल पाते हैं। मेहुल चोकसी ने आरोप लगाया, 卐मेरे वकील एंटीगुआ और डोमिनिका दोनों मामले लड़ रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं इस कांड से बरी होऊंगा, क्योंकि मैं एक एंटीगुआन नागरिक हूं, जिसे मेरी इच्छा के विरुद्ध एक अलग देश में अपहरण, अपहरण और मेरी इच्छा के विरुद्ध ले जाया गया था।

**कमबख्त इश्क**

## भारतीय पति ने पढ़वा दिया पत्नी का निकाह

**वेब डेस्क।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पाकिस्तान गए जत्थे के साथ गई कोलकाता की महिला ने पाकिस्तान में अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली। महिला ने अपने पति की अनुमति से प्रेमी के साथ पुलिस की मौजूदगी में लाहौर की मस्जिद में निकाह किया। इससे पहले महिला ने वहां इस्लाम धर्म कबूल किया। महिला और उसका पहला पति दोनों ही मूक बधिर हैं। महिला का दूसरा पति मूक बधिर है। हालांकि शादी के बाद पाकिस्तान सरकार द्वारा वहां रहने की मंजूरी नहीं दिए जाने पर महिला अपने भारतीय पति के साथ वाघा-अटारी सरहद के रास्ते वापस कोलकाता लौट गई।

### 24 नवंबर को लाहौर में हुई शादी

पासपोर्ट के मुताबिक कोलकाता की रहने वाली महिला का जन्म लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। वह 17 नवंबर को अटारी के रास्ते सीमा पार कर पाकिस्तान में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने के लिए जत्थे के साथ गई थी। सूत्रों के मुताबिक 23 नवंबर को जब जत्था लाहौर पहुंचा, तो महिला वहां के मोहम्मद इमरान के पास पहुंच गई। उसने दस्तावेज तैयार करवाए और 24 नवंबर को इमरान के साथ लाहौर में शादी कर ली। शादी से पहले उसने इस्लाम कबूल किया और अपना नाम प्रवीण सुल्ताना रखा। शादी के बाद इस महिला और उसके पाकिस्तानी पति ने लाहौर की अदालत में अपील दायर करते हुए महिला के पाकिस्तान में रहने की इजाजत मांगी जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। जिसके बाद यह महिला अपने भारतीय पति के साथ लौट आई। यहां पहुंचने के बाद उसने पाकिस्तान का वीजा अप्लाई करने के संकेत दिए। दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान परमजीत सिंह सरना ने कहा कि इस तरह का कदम भविष्य के लिए खतरा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक कोलकाता की रहने वाली महिला दो साल पहले सोशल मीडिया पर इमरान के संपर्क में आई। दोनों चैटिंग करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। इसके बाद से ही वह पाकिस्तान जाने का प्रयास कर रही थी। 17 नवंबर को जत्थे के साथ वह पाकिस्तान जाने में सफल हो गई। यह पहला मामला नहीं जिसमें भारतीय महिला ने पाकिस्तान के युवक से शादी की है। 24 अक्तूबर 2018 को बठिंडा की विवाहिता व दो बच्चों की मां को गुजरांवाला (पाकिस्तान) के रहने वाले मोहम्मद सुलेमान के साथ सोशल मीडिया पर प्यार हो गया। यह महिला भी जत्थे के साथ पाकिस्तान गई। वहां इसने सुलेमान के साथ शादी कर दी। 12 अप्रैल 2019 को होशियारपुर निवासी तीन बच्चों की मां भी पाकिस्तान गई और वहां पहुंचने के चार दिन बाद ही आजम के साथ शादी कर ली।



# गांव को बसे हुए 100 साल, अब भी सड़क-पानी को मोहताज आदिवासी

## उमरिया का केवलारी गांव बहा रहा दुर्दशा के आंसू





**जबलपुर यशभारत। आदिवासियों के उत्थान के लिए भाजपा-कांग्रेस दोनों सड़क पर है । आदिवासी दिवस में इसका एक उदाहरण भी जबलपुर सहित अन्य जिलों में देखने को मिला। मप्र सरकार भी उन आदिवासियों को खोज रही है जिन्होंने आजादी के समय अपने प्राणा निछावर कर दिए लेकिन उन्हें अन्य शहीदों की तरह सम्मान नहीं मिला।**

सरकार का यह कदम सही भी है लेकिन एक ओर जबलपुर से 40 किलोमीटर दूर उमरिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले केवलारी गांव में आदिवासी आंसू बहा रहे हैं। गांव के बसे 100 साल हो गए लेकिन इस गांव में रोड-पानी की व्यवस्था आज तक नहीं हुई है।

### अधिकारी के वाहन गांव में आए वर्षो बीते

केवलारी गांव के आदिवासियों ने बताया कि सरकार किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। सालों पुराने जर्जर मकानों में रहने मजबूर है। जिला और जनपद पंचायत के अधिकारियों का दौरा कभी गांव में नहीं होता है। 40 से 50 साल पहले कुछ गाड़ियां गांव आई थी जिसके बाद आज तक अधिकारी की गाड़ी गांव नहीं पहुंची है।

### 200 आदिवासी

गांव बताया जा रहा है कि 50 से 60 परिवार केवलारी गांव में निवासरत है जिसमें करीब 200 आदिवासी रह रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मूलभूत सुविधाएं पाने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर जिला और कलेक्ट्रट तक के चक्कर काट चुकें है लेकिन कही कोई सुनवाई नहीं हुई।

### ग्राम पंचायत में किया प्रदर्शन

ग्रामीण भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दयाशंकर उपाध्याय के नेतृत्व में केवलारी गांव के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत उमरिया में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पनागर विधायक सुशील कुमार इंदू तिवारी के नाम भी प्रेषित किया गया।

### हैंडपंप में पानी नहीं, डाल दी मशीन

आदिवासियों को सुविधाएं देने के लिए अधिकारी और जनप्रतिनिधि कितने गंभीर है अंदाजा लगाया जा सकता है कि पीएचई विभाग ने इस गांव में सालों बाद नल-जल योजना पहुंचानी चाही इसके लिए पैसा भी खूब खर्च किया गया है। लेकिन विभागीय अधिकारियों ने खानापूर्ति करते हुए जिस हैंडपंप में कभी पानी रहा ही नहीं वहां पर मशीन डाल दी।



# सुरक्षित मातृत्व पर विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारियां

**डिविजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन**

**जबलपुर।** मातृ मृत्यु दर, प्रसव और गर्भावस्था के दौरान होने वाली समस्याओं को लेकर एक डिविजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन होटल गुलजार में हुआ। जबलपुर प्रसूति एवं स्त्री रोग संघ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवम डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ एवं फैमिली वेलफेयर के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित मातृत्व विषय पर हुई कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों ने विचार रखे। उद्घाटन समारोह में मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. पीके कसार, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ. संजय मिश्रा,आईएमए अध्यक्ष डॉ. पवन स्थापक ने विचार रखे। विभिन्न सत्रों में वर्धा से आई डॉ. सुरेखा तावड़े, भोपाल से आई डॉ. वरुण पाठक, मुंबई से डॉ. अश्विनी कक्कड़, जबलपुर से डॉ. प्रशांत पुणेकर, डॉ. निशा साहू, डॉ. जिज्ञासा डेंगरा समेत अन्य चिकित्सकों ने गर्भावस्था में होने वाली समस्याओं एवं उनके निराकरण पर बात रखी। जॉग्स अध्यक्ष डॉ. गीता गुइन, सचिव डॉ. सोनल साहनी ने सभी को सुरक्षित मातृत्व के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई। संचालन डॉ. दीप्ति गुप्ता ने किया।

# स्टेशन में अब बंदरों का आतंक

## यात्रियों का सामान छीनकर भाग जाते हैं



**जबलपुर ,यशभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन मैं अभी तक यात्री कुत्ते से परेशान थे किंतु अब बंदरों के आतंक से यात्रियों के सामने यह नई परेशानी खड़ी हो गई । बंदरों का आतंक इतना अधिक है कि यात्रियों के हाथ से थैला वैग छीनने की कोशिश करते हैं जिस यात्रियों में बंदरों के आतंक से काफी दहशत व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि मुख्य रेलवे स्टेशन में छः प्लेटफॉर्म पर बंदरों का आतंक बदस्तूर जारी था. यात्री लगातार रेलवे प्रशासन से बंदरों से छुटकारे की गुहार लगा रहे हैं किंतु अभी तक संबंधित अमले द्वारा बंदरों को पकड़ने या रेलवे स्टेशन से अन्यंत्र भगाने की जहमत नहीं उठाई हालात यह है कि स्टेशन में पहुंचे रेलयात्री बंदरों के आतंक से डरे सहमे हुए हैं बंदर का आतंक पैदल पुर पर अधिक होने के कारण रेलयात्री कुछ देर के लिए ठहर जाते हैं या फिर अन्य जगह से निकलने की जुगत में रहते हैं बंदर की उछल कूद देखकर यात्रियों में भारी दहशत व्याप्त है सभी प्लेटफार्म में धमाचौकड़ी मचाने के कारण यात्री अपने सामानों की सुरक्षा के लिए भी परेशान है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन बना रहने के कारण भीड़भाड़ भी रहती है और बंदर इसी भीड़ में घुसकर इधर उधर उछल कूद कर यात्रियों के सामान झगड़ने की जुगत में रहता है जबलपुर स्टेशन पर ट्रेनों का परिचालन भी बड़ी संख्या में होता है और यात्रियों की संख्या भी स्टेशन पर काफी रहती है, लेकिन बंदरों के आतंक ने यात्रियों को भयभीत कर रखा था. यात्रियों का सामान छीनकर भागना आम हो गया था।

# हो जाएं सतर्क,मॉस्क से ही बचाव-कलेक्टर



**जबलपुर।** प्रदेश के बड़े शहरों और देश के कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुये कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जबलपुर जिले के नागरिकों से सतर्क रहने एवं सभी जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है।श्री शर्मा ने नागरिकों से कहा है कि कोरोना संक्रमण के मामले में जबलपुर जिले की स्थिति तुलानात्मक रूप से बेहतर है और यहां नये प्रकरण आने काफी कम हो गये हैं। लेकिन इसके बावजूद सभी को सजग रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से मास्क लगाने तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियम का कडाई से पालन करने का अनुरोध करते हुये हाथों को बार-बार सेनिटाईज करने अथवा साबुन से अच्छी तरह धोने को आदत बना लेने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने कोरोना संक्रमण से संपूर्ण सुरक्षा प्राप्त करने के लिये शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन को जरूरी बताते हुये कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज अनिवार्य रूप से लगवाये। उन्होंने कहा कि पहली डोज लगवा चुके व्यक्ति समय पूरा होने पर समीप के टीकाकरण केन्द्र जाकर शीघ्र ही दूसरी डोज लगवाले।




# एपीआई के अध्यक्ष बने डॉ. डेंगरा

**जबलपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया जबलपुर चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को हुआ, जिसमें अध्यक्ष डॉ. अनुपम साहनी, सचिव डॉ. दीपक वरकड़े ने वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजदूगी में नए अध्यक्ष एवं सचिव के नामों की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए डॉ. आशीष डेंगरा, सेक्रेटरी डॉ. अंकित अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नीरज जैन एवं जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. अनिमेष गुप्ता को चुना गया। नवागत अध्यक्ष डॉ. डेंगरा ने पदभार सँभालते हुए कहा कि आने वाले दिनों में वह शहर के चिकित्सकों के साथ नई चिकित्सा पद्धति के बारे में संगोष्ठी करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. अशोक खन्ना, डॉ. एसके गौतम, डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. एनके बंसल मौजूद रहे।

## छात्रों ने किया कुलपति डॉ. बिसेन का अभिनन्दन



# उच्च चरित्रबल के साथ छात्र नेतृत्व क्षमता विकसित करें - डॉ. बिसेन

**जबलपुर।** सफ़लतम 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के संयोजन में छात्र नेता गोपी आंजना के नेतृत्व में छात्र समूहों ने आज कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन का शाल श्रीफ़ल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर भावभीना अभिनन्दन किया। छात्रों ने उन पर पुष्पवर्षा करते हुये उनके कार्यकाल को एतिहासिक निरूपित किया। इस मौके पर डॉ. बिसेन ने कहा कि देष में कृषि का उज्वल्ल भविष्य है। उच्च चरित्रबल के साथ छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करना चाहिये। जीवन में कठिन कार्य को चुनौती के रूप में स्वीकार कर दृढ़संकल्प के साथ पूर्ण करना चाहिए। इस दौरान छात्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और भावी कार्ययोजनाओं पर भी परिसंवाद किया गया।

# किन्नर रोजी रोटी को मोहताज मिल रही धमकियां

**गैर किन्नर कर रहे गुट को संचालित**

**जबलपुर।** किन्नर गुटों को लेकर आए दिन विवाद की खबरें सामने आती रहती है । असली और नकली किन्नर पर संग्राम ज्यादा होता है। वहीं कुछ लोगों ने शहर में वर्चस्व बना रखा है । ये अपने हिसाब से किन्नरों को संचालित करते नजर आते है और यदि कोई किन्नर इनसे इतर चलता है तो उसका जीना हराम कर दिया जाता है, कुछ ऐसा ही मामला एक बार फिर सामने आया है । हनुमानताल थाने पहुंची बबली उर्फ बबलू अंसारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह मद्दू हाजी के गुट में रहकर बधाई लेने का कार्य करती थी उसे उसकी मेहनत के अनुसार पैसे नहीं दिये जाते है, वही किन्नर न होने के बावजूद भी मद्दू की बहन भी गुट को संचालित कर रही है जिसका विरोध करने पर 27 नवम्बर को यह गुट उनके घर में आया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बबली का कहना है कि मद्दू हाजी किन्नर नहीं है और न ही उसकी बहन बावजूद इसके इन लोगों द्वारा गुट का संचालन कर किन्नरों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। बबलू अंसारी ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। हाजी मद्दू के है तीन बेटे शिकायत में बबली किन्नर ने आरोप लगाया है कि, हाजी मद्दू जिसके द्वारा किन्नर गुट का संचालन किया जा रहा है वह किन्नर नहीं है बल्कि उसके उसकी पत्नी परबीन से तीन बच्चे पहाडी,सलमान और छोटू है। वह किन्नर बनकर मोटी कमाई करते हुए असली किन्नरों को उनके हक से वंचित कर रहा है।



# कामगार इंटक मोर्चा ने निकाली जनसंपर्क रैली

**भरपूर काम और सुरक्षित भविष्य का वादा**

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया वर्क्स कमेटी चुनाव में अपने प्रत्याशियों को विजय दिलाने के लिए कामगार यूनियन और सुरक्षा कर्मचारी यूनियन(इंटक)ने राम मंदिर से रैली निकाल कर जन संपर्क किया।जनसंपर्क रैली एच टाइप और ड टाइप वन टाईम टू से होती हुई घाना तिगरा में समाप्त हुई। इस दौरान संयुक्त मोर्चे के सभी14प्रत्याशियों के साथ बड़ी संख्या में समर्थक और कामगार एवं इंटक यूनियन के नेतागण रुपेश पाठक राजेन्द्र चडारिया आनंद शर्मा अमित चौबे हरिओम पाठक मो,नशीम सतिन शर्मा आदि शामिल रहे।सभी नेताओं ने कर्मचारियों के घर घर जाकर संपर्क करते हुए कहा कि निर्माणी मे भरपूर काम दिलाने के साथ स्वास्थ्य आवास और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी ताकत से संघर्ष करेगी।

# हाथ पीले होने के पहले युवती गायब

## जेवरात और नगदी लेकर घर से निकली

**जबलपुर, यश भारत ।** बेलखेड़ा में एक 18 वर्षीय युवती घर से उस समय गायब हो गई, जब उसके हाथ पीले होने वाले थे। इतना ही नहीं युवती अपने साथ घर से गहने और नगदी लेकर भी गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया हैं। पुलिस को शक है कि युवती को किसी युवक ने बहकाया है और अपने साथ लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने बताया कि राजमार्ग बेलखेड़ा निवासी एक किसान की 18 वर्षीय युवती उस समय रहस्यमय ढंग से गायब हो गई जब परिजन घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उसने सूने घर का फायदा उठाते हुए घर में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी रुपए कपड़े लेकर गायब हो गई। पुलिस के मुताबिक परिजनों को संदेह है कि युवती किसी लड़के के साथ भाग गई है । युवती के रिश्ते की कहीं पर चर्चा चल रही थी। उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था। परिजन एवं पुलिस युवती की तलाश में अपने स्तर पर प्रयास करने में लगी हुई है किंतु दस दिन बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

### शिवम, विशाल और मनीष चायना चाकू के साथ गिरफ़्तार

**जबलपुर यशभारत।** माढ़ोताल पुलिस ने तीन चाकूबाजों को दबोच लिया है। तीनों ने ऑनलाइन चाकूओं का आर्डर देकर, मंगवाई थी। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। माढ़ोताल थाना प्रभारी रीना पांडे ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शिवम बर्मन पिता राकेश बर्मन 19 साल, निवासी प्रोफेसरस कॉलोनी , विशला पिता संतलाल 25 साल निवासी भोलानगर ,मनीष पिता परमानंद देवान 27 साल निवासी शारदा नगर करमेता को पुलिस ने चायना चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पता लगा रही है कि तीनों युवक चायना चाकू का इस्तेमाल कहां करने वाले थे और इनके द्वारा अब तक कितने अपराधों को अंजाम दिया गया है। इसका भी रिकॉर्ड पुलिस खंगाल रही है।

# स्टालों में खानपान की सामग्री की जांच का अभियान जारी

**जबलपुर मंडल के 8 स्टेशनों पर कार्रवाई से हड़कंप**



**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा खानपान स्टालो की जांच तथा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने का अभियान निरंतर जारी है। इस अभियान में रेलवे के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों तथा निरीक्षकों द्वारा सतत मंडल के सभी स्टेशनों पर खाद्य सामग्री के नमूनों की जांच उसकी क्वालिटी तथा सामग्री के मूल्य की जांच की जा रही है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन के निर्देश पर किए जा रहे चलाए जा रहे अभियान के तीसरे दिन मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव तथा सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे के नेतृत्व में टीमों ने जबलपुर, मदन महल, कटनी, नरसिंहपुर, गाडरवारा, सतना, दमोह, सागर आदि स्टेशनों पर रेलवे के लाइसेंसों के द्वारा खाद्य सामग्रियों की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने खाद्य सामग्री बेचने वाले को निर्देश दिया कि वे हमेशा उच्च गुणवत्ता की सामग्री उचित मूल्य पर ही रेल यात्रियों को बैंचे। इस मौके पर कैंटीन स्टाल के संचालकों तथा वेंडरों ने भी रेलवे क्यों आश्वस्त किया है कि वे रेलवे द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पूर्णता पालन करेंगे तथा जबलपुर मंडल को उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री की पहचान बनाने का प्रयास करेंगे।

# सरकारी फरमान की अनदेखी कर रहे अधिकारी




**कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने लगाया आरोप**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने आरोप लगाया कि अधिकारी सरकारी फरमान की अनदेखी कर रहे हैं। मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे,जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक दिनाँक 1879 / 1072 / 2021/ नियम /चार/भोपाल दिनाँक 22 अक्टूबर 2021 के आदेश के अनुसार नवम्बर 2020 में मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि जो एक वर्ष विलंब से दी गई थी प्रथम किस्त 6 माह के एरियर का भुगतान नवंबर 2021 में किया जाना था लेकिन कुछ कार्यालय प्रमुखों की लापरवाही के कारण एरियर का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है। एक कर्मचारी को करीबन 8 हजार रुपये माह की आर्थिक हानि हुई है। मध्यप्रदेश शासन के आदेश के अनुसार आई एम एफ एस सर्वर में एरियस के बिल लग रहे है लेकिन कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करने एरियस के बिल लगा ही नही लगा रहे है, कुछ अफसर सरकार के आदेश को खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं शासन के आदेश का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाना चाहिए। कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के देव दोनेरिया,रविकांत दहायत,योगेस चौघरी, अजय दुबे, विश्वदीप पटेरिया,नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया, मुकेश चतुर्वेदी, सन्तोष मिश्रा,संजय गुजराल, एस. के. वांदिल,योगेन्द्र मिश्रा, धीरेंद्र सिंह ,प्रदीप पटैल ,मुकेश मरकाम,नरेंद्र सेन,नेतराम झारिया, आशीष उपाध्याय, राजू मस्के, आशुतोष तिवारी, दुर्गेश पांडेय , ब्रजेश मिश्रा ने तत्काल एरियस भुगतान की माँग करते हुए,सरकारी आदेश का उलंघन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# संविधान दिवस पर ली शपथ

**जबलपुर।** संविधान दिवस पर मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। अतिरिक्त् संचालक डॉ.लीला भलावी के नेतृत्व में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजन किया गया। प्राचार्य ने इस दौरान प्राध्यापकों और छात्राओं को संविधान की शपथ दिलवाई। इस दौरान डा.सुनीता मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। विभाग की डा.सध्या चौबे,डा.सध्या पचौरी,डा.रागिनी उपाध्याय, डा.बीएन त्रिपाठी,डा.सुधा मेहता का विशेष सहयोग रहा।

# एनसीसी दिवस पर निकाली कैडेट्स ने नशा मुक्ति रैली




**जबलपुर।** अंजुमन इस्लामिया शाला के अध्ययनरत 1 एमपी आर्मर्ड स्क्वार्डन एनसीसी कैडेट्स ने अपने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीके गौर के कुशल मार्गदर्शन में सेकंड ऑफिसर कुतुबुद्दीन अंसारी रिसालदार अजय सिंह की उपस्थिति में नशा मुक्ति रैली निकाली एवं समाज को नशे से दूर रहने व नशे से मुक्ति पाने संबंधी पोस्टर मेक इन स्पर्धा में भाग लिया इससे पूर्व सदर गैरिसन ग्राउंड से प्रारंभ होने वाली इस विशाल रैली को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीके गौर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस अवसर पर सभी एएनओ सभी स्टाफ की उपस्थिति रही नगर के मुख्य मार्गो से निकलने वाली इस रैली में एनसीसी कैडेट्स ने समाज को जागृत करने अपने हाथों में नशे से मुक्ति संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए समाज को जागृत करने संदेश दे रहे थे।

# जवाहर मॉडल की तर्ज पर खेती के लिए नाबार्ड देगी सीमांत महिला कृषकों को लोन




**जबलपुर।** भोपाल में आयोजित ''राष्ट्रीय ऋण संगोष्ठी'' में मध्यप्रदेष शासन के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा एवं नाबार्ड की चीफ जनरल मैनेजर द्वारा जवाहर मॉडल रिसर्च पत्रिका का विमोचन किया गया एवं बताया गया कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जवाहर मॉडल की तर्ज पर खेती के लिए सीमान्त महिला कृषकों को नाबार्ड लोन उपलब्ध करवायेगी जो कि सीमान्त कृषकों की आय दोगुनी करने में काफी मददगार साबित होगा। बता दें कि पिछले सप्ताह नाबार्ड की एक विषेष टीम एवं चीफ जनरल मैनेजर के द्वारा जनेकृविवि के जवाहर मॉडल का भ्रमण किया गया था एवं उन्होंने कहा था कि जवाहर मॉडल को नाबार्ड पूरे प्रदेष में फैलाने का कार्य करेगा। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू ने बताया कि इस मॉडल के तहत बोरियों में 29 से अधिक प्रकार की फसलों की खेती की जा रही है। अनउपजाऊ भूमि एवं जहां पर जल निकासी की समस्या होती हो ऐसी जगर में इस प्रकार की बोरियों में एक निष्चित मात्रा में खाद एवं मिट्टी भरकर दोगुना उत्पादन किया जा सकता है। इस मॉडल पर पीएचडी के दो छात्र गोपी आंजना एवं साहब कुमार पटेल और स्नातकोत्तर के 3 छात्र संदीप बिरला, जेठू सिंह भाटी एवं साक्षी अग्रवाल, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मोनी थामस एवं सहयोगी डॉ. नीरज त्रिपाठी की देखरेख में अनुसंधान कार्य कर रहे हैं।

# पुलिस ने जारी किया हैल्पलाईन नम्बर

**भू-माफिया, सूदखोर, एवं चिटफंड कम्पनी से सम्बंधित शिकायत करें**

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा ने पहल करते हुये संस्कारधानी वासियों की सुविधा हेतु भू-माफिया, सूदखोर, एवं चिटफंड कम्पनी से सम्बंधित शिकायतों के लिये एक हैल्प लाईन नम्बर 7587632800 जारी किया है। जबलपुर पुलिस द्वारा जारी हैल्पलाईन नम्बर 7587632800 पर संस्कारधानीवासी भू-माफिया, सूदखोर, एवं चिटफंड कम्पनी से सम्बंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है इसके साथ ही सुझाव भी दे सकते हैं ।

## लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग

# गाँव -गाँव ग्राम समितियों तक चलेगा जनजागरण अभियान

**तहसील मुख्यालयों पर 11 जनवरी को देशव्यापी ज्ञापन व धरना-प्रदर्शन**

जबलपुर। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत की प्रांतीय बैठक क्षेत्र संगठन मन्त्री महेश चौधरी की उपस्थिति में नरसिंह मंदिर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को सम्पन्न हुई। क्षेत्र संगठन मन्त्री श्री चौधरी ने सम्पूर्ण प्रांत के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि एक जनवरी से दस जनवरी तक लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर गाँव गाँव में ग्राम समितियों तक जनजागरण करने का अभियान चलाया जायेगा और 11 जनवरी को सम्पूर्ण देश में लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर तहसील मुख्यालयों पर प्रधानमंत्री, केन्द्रीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर धरना व प्रदर्शन किया जायेगा। श्री चौधरी ने आगे कहा कि किसान को मिलने वाला न्यूनतम समर्थन मूल्य उसकी लागत के हिसाब से बहुत कम है। लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य के बिना किसान के घाटे को कम नहीं किया जा सकता है। प्रांतीय बैठक में इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमनारायण पचौरी, प्रांत संगठन मन्त्री भरत पटेल, जिलाध्यक्ष मोहन तिवारी, रामदास पटेल, मनीष पटेल, प्रदेश मंत्री आर सी पटेल, दामोदर पटेल, आलोक पटेल, प्रांत प्रचार प्रमुख राममिलन पटेल, भरत पटेल झगरा, अटल पटेल, वीरेंद्र पटेल, सहित सभी 22 जिलों के अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक सम्मेलन 10 व 11 दिसम्बर को जबलपुर में

भारतीय किसान संघ के प्रदेश प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 10 व 11 दिसंबर को जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय मे राष्ट्रीय कृषि वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर के सभी विश्वविद्यालयों के 100 से अधिक कृषि वैज्ञानिक सम्मिलित होंगे। प्रदेश प्रचार प्रमुख श्री पटेल ने बताया कि दो दिन तक रहकर कृषि वैज्ञानिक कृषि व किसान के विषयों पर चिंतन करेंगे और उनके समाजिक उत्थान व आर्थिक प्रगति के लिये ड्राफ्ट का निर्माण करेंगे। प्रदेश प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहे राष्टीय कृषि वैज्ञानिक सम्मलेन में राष्टीय स्वयंसेवक संघ की राष्टीय कार्यकारिणी के सदस्य व पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैयाजी जोशी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही किसान संघ व राष्टीय स्वयंसेवक संघ के अनेक अखिल भारतीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

# अब एक दिन छोड़कर स्कूल आएंगे विद्यार्थी



## कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षा शुरू

मॉडल स्कूल में परीक्षा देते छात्र- छात्राएं

जबलपुर, । स्कूलों में कक्षा 9 वीं से लेकर 12 वीं की छमाही परीक्षाआज से प्रारंभ हो गई है। जो कि 8 दिसंबर तक चलेगी। 9 वीं और 11 वीं की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तय किया गया है। वहीं दसवीं और बारहवीं की परीक्षा दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक आयोजित होगी। आनन फानन में कई स्कूलों में कोरोना के चलते कक्षाएं प्रभावित रहने के कारण छमाही परीक्षा के लिहाज से कोर्स पढ़ाया गया है। 29 नवम्बर से लेकर 8 दिसम्बर तक कक्षा 9 वीं की परीक्षाएं होंगी। पहले दिन गणित, एक दिसम्बर को सामाजिक विज्ञान , दो को नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क फार वोकेशनल एजुकेशन, चार को हिन्दी, पांच को संस्कृत, उर्दू , छह को अंग्रेजी व आठ को विज्ञान की परीक्षा होगी। जबकि कक्षा दसवीं में 29 नवम्बर को अंग्रेजी, एक दिसंबर को विज्ञान, दो को हिन्दी, तीन को संस्कृत एवं उर्दू , चार को वोकेशन एजुकेशन, छह को सामाजिक विज्ञान और आठ दिसंबर को गणित की परीक्षा होगी । इसी प्रकार 11 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं भी 29 से लेकर आठ दिसम्बर के बीच आयोजित होंगी।

जबलपुर, । स्कूल की कक्षाओं में फिर कोरोना संक्रमण की वजह से 50 फीसद क्षमता हो गई है। यानी अब विद्यार्थी एक कक्षा में आधी क्षमता के अनुसार ही बैठ पाएंगे। इसके आदेश बीती शाम को जारी हुए लेकिन बच्चों को खबर सुबह स्कूल पहुंचकर लगी। कई विद्यार्थी स्कूल पढ़ने पहुंचे लेकिन उन्हें क्षमता से ज्यादा बच्चे आने की बात कहकर लौटा दिया गया। अब बच्चों को हफ्ते में तीन दिन ही एक दिन छोड़कर स्कूल आने को कहा जा रहा है। इधर कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों की छमाही परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो गई है। परीक्षा के लिए पूरी क्षमता के साथ विद्यार्थियों को बुलाया गया है। इसके अलावा प्राथमिक शालाओं के अभिभावकों का लंबे वक्त बाद बच्चों को स्कूल ले जाने का सिलसिला शुरू हुआ था लेकिन फिर कोरोना संक्रमण की आशंका ने उनके मनसूबों पर पानी फेर दिया है। इधर स्कूलों में कोविड गाइडलाइन को नए सिरे से सख्ती के साथ लागू करने के निर्देश दिए गए है।

### सैनिटाइजर गायब

*स्कूलों को कोविड संक्रमण से बचाने के लिए विभाग की ओर से सैनिटाजर की व्यवस्था की गई थी ताकि बच्चों के संक्रमण रोकने में मदद मिले लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में सैनिटाइजर उपलब्ध नहीं है। कुछ स्कूलों ने उसे अलमारी में बंद रखे हुए है। सिर्फ अफसरों के दौरे के वक्त ही सैनिटाइजर को निकालकर रखा जाता है। जबकि शिक्षक और विद्यार्थियों को नियमित रूप से सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने की हिदायत दी गई है। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है।*



# योगासना स्पोर्टस एवं योग साधक सम्मान समारोह

**नन्हें योग साधको ने दिखाया कमाल**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश योगासना स्पोर्टस एसोसिएशन एवं महाकौशल कीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पी.एस. एम. प्रेक्षागृह में योगासना स्पोर्टस एवं योग साधक सम्मान समारोह 2021 का आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबीनेन्ट मंत्री म.प्र. शासन लखन घनघोरिया ,कार्यक्रम के अध्यक्ष म.प्र. योगासना स्पोर्टस एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा , विशिष्ट अतिथि बाबू विश्वमोहन वरिष्ठ समाजसेवी, योग एवं दर्शन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. भरत तवारी , भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय प्रशासक कुलदीप बरार एवं आई. वाय.ए. की चेयरमेन डॉ. पुष्पांजलि शर्मा जबलपुर योगासना स्पोर्टस के अध्यक्ष राकेश नेमा जी और महाकौशल कीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा एवं पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल विमलकांत येन्डे जी की उपस्थिति में किया गया । मुख्य अतिथि घनघोरिया ने कहा योग के प्रचार प्रसार को बल देते हुये म.प्र. योगासना स्पोर्टस एसोसिएशन के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुये कहा योग जीवन का अभिन्न अंग है इसे सभी को आत्मसाद करना चाहिये। म.प्र. योगासना स्पोर्टस एसोसिएशन के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर में बताया कि विगत दिवस भुवनेश्वर में सम्पन्न हुई जूनियर सब जूनियर वर्ग की राष्टीय प्रतियोगिता में संस्कारधानी की कु. निष्ठा गोडबोले, एवं कु. वैशाली ने कोच शिवम गुप्ता के मार्गदर्शन में तृतीय स्थान अर्जित कर खेलों इंडिया में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अतिथियों द्वारा उनका सम्मान किया गया। साथ ही आदित्य श्रीवास, प्रणव साहू, संगीता मंडल, उत्सव पटेल, देवेन्द्र मिश्रा, राहुल सिंह एवं अनुराग गौतम को सम्मानित किया गया। योग गुरु अवनेश तिवारी, यशवंत चिपले , ख्यालीराम रघुबंशी का सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया गया । तत्पश्चात् नन्हें योग साधकों द्वारा अत्यन्त मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी उपस्थितजनों को भाव विभोर कर दिया। इस प्रदर्शन में योगेन्द्र श्रीवास्तव जी के मार्गदर्शन में सिहोरा के ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सचिव तिवारी , हेमन्त माहोरे , विवेक पाठक, नागेश राव, भगवान सिंह, आशीष रैकवार, श्रीमती रूकमणि राव, डॉ. रचना जैन, देवेन्द्र मिश्रा, ममता पांडे, तथा जबलपुर जिले के सभी कार्यकर्तागण का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ठाकुर ने किया और आभार प्रदर्शन राकेश नेमा ने किया।

# जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में अभिषेक, वेदांत बने विजेता



**जबलपुर।** महाकोशल कॉलेज में खेली गई जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में रांझी खेल परिसर यूथ वेलफेयर डिपार्टमेंट के इंडौर स्टेडियम में प्रैक्टिस करने वाले बालक शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 13 और अंडर 15 चैंपियन बने और 17 साल की उम्र का runners-up रहे । अभिषेक अंडर 15 के चैंपियन बने तथा अंडर-17 के उपविजेता बनकर शानदार प्रदर्शन किया उसी तरह उन्हीं के भाई । वेदांत प्रसाद ने अंडर 13 का चैंपियन बनकर ग्राउंड का अपने परिवार का और कोच का नाम रोशन किया अथवा इसी रांझी इंडोर स्टेडियम के आयुष मीणा जो कि 9 वर्ष के हैं उन्होंने 13 वर्ष के क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते अपने से दो वर्ष बड़े खिलाड़ी से दो सेटों में ट्यूस तक ले जाकर अपना मैच खोया और अंडर 15 में भी क्वार्टर फाइनल में ही तीन सेट के मैच में पहला ड्यूस से हारा दूसरा एक तरफ जीत फिर तीसरे से फिर ड्यूस से हार कर उन्होंने पूरे दर्शको का मंजीता और बहुत शानदार प्रदर्शन किया उसी तरह अक्षत, अभिज्ञान और शौर्य प्रताप मीना सभी ने अपने अपने उम्र के ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया इन सभी को हमारे राज्य क्षेत्र की खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई और आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे इसके आशा करते हैं अथवा उनका सिलेक्शन मध्यप्रदेश स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए हुआ हैं। वेदांत प्रसाद का अंडर 13 और अभिषेक प्रसाद का सिलेक्शन अंडर 15 × 17 के लिए चयन हुआ है। इनके पिता श्री ज्ञानचंद है जो की जी सी एफ में कार्यरत हैं। एक बहुत ही बड़ी उपलब्धि और सम्मान की बात है इनके कोच श्री के. बाला चंद्रुडु, जो की व्हीकल फैक्ट्री में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं ।इनकी मेहनत रंग लाई और इन्होंने जो चाहा था उसको इनके खिलाड़ियों ने पूरा किया । उन्होंने पहले ही कहा था कि हमें अंडर 15 और 13 विजेता बनना है इसी ग्राउंड से जो उनके स्टूडेंट ने पूरा करके दिखाया ।

## अमन शर्मा बने भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष साँसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति एवँ भाजपा नगर अध्यक्ष श्री जीएस ठाकुर की अनुशंसा पर भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक श्री अभिषेक शर्मा ने श्री अमन शर्मा को सोशल मीडिया विभाग में जबलपुर का जिला(नगर) संयोजक नियुक्त किया है।

# पमरे मुख्यालय में मनाया भारतीय रेल लेखा दिवस






**जबलपुर यश भारत।** सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में प्रतिवर्ष भारतीय रेलवे के लेखा विभाग के अधिकारियों द्वारा भारतीय रेल लेखा सेवा दिवस (आईआरएएस डे) के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय रेल संग्राहलय नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से भारतीय रेल के सभी आईआरएएस अधिकारियों से जोडा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त सचिव एवं व्यय सचिव, वित्त मंत्रालय भारत सरकार डॉ टी. वी. सोमानाथन ने लोक सेवा = बदलते परिवेश को अपनाना विषय पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में सदस्य वित्त तथा पदेन सचिव भारत सरकार, रेल मंत्रालय नरेश सलेचा की गरिमामय उपस्थिति रही।इसी क्रम में पश्चिम मध्य रेल जबलपूर मुख्यालय में भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में सेवारत एवं सेवानिवृत्त भारतीय रेल लेखा सेवा अधिकारी मुख्यालय में कान्फ्रेंस हाल से जुड़े रहे। जिसमें प्रधान वित्त सलाहकार कार्तिक चौहान, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी श्रीमती दीपा चावला, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी कारखान एवं भण्डार अजीत कुमार रघुवंशी, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी यातायात यशवंत कुमार, वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक जबलपुर अभिराम खरे, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी वित्त बजट ए. एम. खान, उप मुख्य लेखा अधिकारी, एच. एल. महावर, उप मुख्य उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी भण्डार एवं एस.पी. तिवारी सेवानिवृत्त आईआरएएस उपस्थित रहे ।

# जो परीक्षा पास करेंगे वे ही पढ़ा सकेंगे सीएम राइज स्कूल में

**जबलपुर,** । हर जिले में सीएम राइज स्कूल घोषित हो रहे हैं। जबलपुर जिले में 11 सीएम राइज स्कूल बनाए गए हैं। ऐसे में इन स्कूलों में उन्हीं शिक्षकों को पदस्थ किया जाएगा, जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की हुई है। परीक्षा पास जो शिक्षक नहीं करेंगे उन्हें अन्य सामान्य स्कूलों में पढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। जिले में रविवार को सीएम राइज स्कूल में पढ़ाने के लिए शिक्षकों ने परीक्षा दी। रविवार को दो पाली में परीक्षा हुई। इसमें कुल आवेदकों में से 77 फीसद शिक्षक ही परीक्षा देने पहुंचे। एमएलबी स्कूल में सबसे ज्यादा 557 शिक्षक परीक्षा देने आते थे लेकिन दोनो पाली में सिर्फ 430 शिक्षक ही उपस्थित हुए। पेपर को लेकर ज्यादातर शिक्षक आसान बताते दिखे। परीक्षा में कुल 80 अंक के प्रश्न पूछे गए थे। इसमें 50 अंक का विषय से संबंधित प्रश्न, 20 अंक का सामान्य ज्ञान तथा 10 अंक अंग्रेजी भाषा के लिए थे। सुबह की पाली में प्राथमिक शिक्षक,हेडमास्टर के लिए परीक्षा हुई। एमएलबी स्कूल में पहली पाली में 245 की जगह 197 शिक्षकों ने परीक्षा दी। वहीं दूसरी पाली में 312 में से सिर्फ 233 ही उपस्थित हुए। माडल स्कूल के प्राचार्य मुकेश तिवारी ने बताया कि पहली पाली में 82 में से 64 एवं द्वितीय पाली में 194 थे जिसमें 150 शिक्षक उपस्थित हुए।

# हमसफर ट्रेन में दो शयनयान के स्थाई कोच बढ़ाए

**जबलपुर,** । रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों को अच्छी सुविधाएं दिए जाने का प्रयास किया जाता है। पमरे द्वारा अत्यधिक प्रतीक्षा सूची को देखते हुए हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 22169/22170 रानी कमलापति-संतरागाछी-रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में दो शयनयान श्रेणी के स्थाई रूप से कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी में दो शयनयान श्रेणी के स्थाई कोच बढ़ने से 160 शायिका/बर्थ अतिरिक्त उपलब्ध होने से 160 यात्रियों को और लाभ मिलेगा। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़वारा होते हुए जाएगी। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 22169/22170 रानी कमलापति-संतरागाछी-रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर ट्रेन में गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति से संतरागाछी सुपरफास्ट ट्रेन में एक दिसंबर और वापसी में गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी से रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर ट्रेन में दो दिसंबर से 02 शयनयान श्रेणी का कोच स्थाई रूप से बढ़ाया जा रहा है। यह गाड़ी अब 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित 22 कोचों के साथ चलेगी। रेलवे के मुताबिक यह गाड़ी पूर्णत: आरक्षित है अत: कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

# बरगी में दिव्यांगों की विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जबलपुर।** विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में बरगी के शासकीय बालक माध्यमिक शाला में 6 वर्ष से 14 वर्ष आयु समूह के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगित आत प्रात 11 बजे से शुरू हुई विकासखंड शिक्षा अधिकारी जबलपुर ग्रामीण ने बताया कि 6 से 14 वर्ष आयु समूह के श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं के लिए 50 मीटर दौड़, नीबू-चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ व तेज चाल की प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के लिए 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता होगी। जबकि आस्थिबाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए 50 मीटर व 100 मीटर दौड़, वैशाखी दौड़, व्हील चेयर दौ?, ट्राईसाइकिल दौ? और तेज चाल की प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार 8 से 14 वर्ष आयु समूह के मानसिक निन्शक्तजनों के लिए 50 मीटर की दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, जलेबी दौड़ व तेज चाल प्रतियोगिता होगी।

# निगमीकरण के खिलाफ लड़ाई हम लड़ेंगे

**रविवार को जनसंपर्क में लाल और नीले झंडे का वादा**



**जबलपुर यशभारत।**आगामी11दिसंबर को होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव में बहुमत पाने के लिए रविवार के दिन भी यूनियन कार्यकर्ताओं ने ओ एफ के लेबर यूनियन एवं एस सी/एस टी यूनियन ने इस्टेट परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले कर्मचारियों के घर घर जाकर संपर्क किया।इस दौरान दोनों यूनियन के नेताओं ने कर्मचारियों से वादा किया कि आप हमें बहुमत देकर मजबूत करें।आपका एक वोट वर्तमान में निगमीकरण और न्यू पेंशन स्कीम के खिलाफ आंदोलन को मजबूती प्रदान करेगा। लेबर यूनियन के महासचिव अर्नव दास गुप्ता ने दावा किया कि वर्क्स कमेटी एवं कैंटीन कमेटी चुनाव में ओ एफ के लेबर यूनियन एवं एस सी/एस टी यूनियन को भारी जन समर्थन मिल रहा है । रविवार के ओ एफ के लेबर यूनियन एवं एस सी/एस टी यूनियन के सभी प्रत्याशी सैकड़ों समर्थकों के साथ स्टेट भ्रमण कर प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस्टेट के कर्मचारियों नेउन्हें आश्वासन भी दिया है ।

# रोजगार कार्यालय में कैंपस ड्राइव कल

**जबलपुर** । जिला रोजगार कार्यालय तथा यशस्वी ग्रुप द्वारा बेरोजगार युवाओं हेतु कैंपस ड्राईव का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कटंगा में 30 नवम्बर को किया जायेगा। कैपस ड्राईव में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां (ऑटो मोबाईल एवं फूड इंडस्ट्री पीथमपुर तथा रतलाम) शामिल होंगी। ड्राईव में सम्मिलित होने हेतु योग्यता दसवीं, बारहवीं, बी.एस.सी., एम.एस.सी. तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले तथा 18 वर्ष से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। आवेदक प्रात: 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कटंगा स्थित जिला रोजगार कार्यालय चतुर्थ तल उद्योग भवन टी.वी.टावर के पास जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# घायलों की जान बचाने वाले कहलाएंगे नेक व्यक्ति

**जबलपुर में गुड सेमेरिटन के लिए डिस्ट्रिक्ट अप्रेजल कमेटी गठित**

**जबलपुर**, सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हुये व्यक्ति की गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाकर जिंदगी बचाने वाले को प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने की गुड सेमेरिटन कार्ययोजना के तहत कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने डिस्ट्रिक्ट अप्रेजल कमेटी का गठन किया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यों की इस समिति में जिले के पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। गुड सेमेरिटन कार्ययोजना के तहत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हुये व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जिंदगी बचाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा निर्धारित प्रारूप में घटना के सम्पूर्ण विवरण सहित प्रकरण डिस्ट्रिक्ट अप्रेजल कमेटी को प्रेषित किया जायेगा। सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन अवर में अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन की सूचना अस्पताल के चिकित्सक पुलिस को देंगे। खुद गुड सेमेरिटन द्वारा भी पुलिस को इस बारे में सूचना दी जा सकती है। डिस्ट्रिक्ट अप्रेजल कमेटी पुलिस से प्राप्त प्रकरण की समीक्षा करेगी तथा गुड सेमेरिटन को पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की अनुशंसा शासन को करेगी।

# साहू समाज का नि:शुल्क शिविर

**जबलपुर।** साहू समाज के तत्वावधान में 27 व 28 नवम्बर को दो दिवसीय नि:शुल्क हेल्थ कार्ड एवं ई-श्रमिक कार्ड बनवाने का शिविर श्रीमती पूना बाई साहू धर्मशाला दीक्षितपुरा जबलपुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी के पूजन अर्चन के पश्चात पूर्व महापौर श्री प्रभात साहू के मुख्य आतिथ्य व वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रकाश चन्द्र साहू कोठी वाले के विशेष आतिथ्य में हुआ। जिसमें लगभग 850 लोगों ने इस नि:शुल्क हेल्थ कार्ड एवं ई-श्रमिक कार्ड शिविर में उपस्थित होकर उपरोक्त योजना का लाभ लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष आजाद साहू, मंत्री धर्मेन्द्र साहू. उपाध्यक्ष ब्रजेश साहू, कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, सहसचिव बाबूलाल साहू, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू, आशीष पंड़ा, राजेन्द्र कोठी वाले, सीताराम साहू, उदयभान साहू, हरिनारायण साहू, आदि की विशेष उपस्थिति रहीं।

# परीक्षा के नाम पर वरिष्ठ शिक्षकों को हटाने की साजिश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय कल्याण समिति के महिला प्रकोष्ठ ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा आदेश जारी कर सीएम राइस स्कूलों में शिक्षकों के चयन हेतु परीक्षा देना अनिवार्य कर दिया गया है यह शिक्षकों के साथ बड़ी विडंबना है कि प्रशिक्षित होने और वर्षों से पढ़ाने का अनुभव होने के बावजूद उन्हें अपनी योग्यता को साबित करने हेतु परीक्षा पास करना पड़ेगा तब कहीं जाकर उन्हें सीएम राइस स्कूलों में पढ़ाने का अवसर मिलेगा । वहीं परीक्षा के नाम पर सीएम राईस स्कूलों से वरिष्ठ और वहां पर पदस्थ शिक्षकों को हटाने की साजिश है जिसमें खासकर महिला शिक्षाएं हटाए जाने से प्रताड़ित होंगी। यही वजह है कि शिक्षकों में रोष व्याप्त है और शिक्षक इस परीक्षा का बहिष्कार करने की मंशा बना चुके हैं। यह शिक्षकों के साथ सरासर ज्यादती है और उन्हें मानसिक प्रताडि़त करने के साथ ही उनकी शैक्षणिक योग्यता पर सवालिया निशान खड़ा करता है। जिससे शिक्षक हैरान-परेशान और हलकान हैं कि विभाग द्वारा ऐसा तुगलकी आदेश कैसे निकाला जा सकता है। संघ ने आगे बताया कि यदि शिक्षकों को परीक्षा के नाम पर हटाया गया तो सबसे ज्यादा प्रताडि़त महिला शिक्षाएं होगी वहीं दूसरी तरफ 57 साल से ऊपर वाले शिक्षकों को सीएम राईस स्कूलों के लिए उपयोग नहीं मानना यह भी समझ से परे है यदि विभाग को आंकलन करना ही था तो शिक्षकों के पिछले 5 साल के रिजल्ट की उपलब्धता के आधार पर उन्हें पीएम राइस स्कूलों के लिए चयनित करने हेतु आधार रखना था परंतु से परीक्षा के आधार पर शिक्षकों को चयन कर उनकी योग्यता और सीनियरटी पर सवाल उठाया जा रहा है जो कि अनुचित है। संघ के महिला प्रकोष्ठ की - सोनल शुक्ला, सीमा सोनकर, अनीता जैन, ज्योति दुबे, हेमलता मेश्राम, स्वाति गढ़वाल ,श्रीमती उमा सैयाम ,कविता झारिया, ज्योति ठाकरे ,निर्मला पोर्ते, कविता झारिया, बबीता बिसेन आदि ने मुख्यमंत्री महोदय से मांग की है कि सीएम राइस स्कूलों में परीक्षा के आधार पर शिक्षकों का आकलन ना किया जाए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**


रा0प्र0क्र0/ 228/अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक 10/11/21

**//आम इश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्पण सिंह राजपूत पिता स्व. विष्णुनारायण राजपूत निवासी ए/8 पटैल नगर सुहागी जबलपुर के द्वारा मौजा सुहागी स्थित भूमि खसरा नं. 62/4 में से रकवा 1800 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता श्रीमती राजपूत पति विष्णु नारायण का नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/11/21 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 10/10/21**
**पेशी दिनांक 30/11/21**

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**



## संपादकीय

# बहुरूपिया वायरस से दुनिया सकते में

ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देश करीब दो साल तक कोरोना संक्रमण के आगोश में रहने के बाद सामान्य जिंदगी की ओर कदम बढ़ा रहे थे, एक नये वेरिएंट ओमीक्रॉन ने तमाम देशों की नींद उड़ा दी है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका समेत कुछ देशों में पाये गये इस वेरिएंट को अब तक सबसे ज्यादा म्यूटेशन करने वाला बताया गया है, जिसके चलते वैज्ञानिक इसे डरावना व अब तक सबसे खराब वेरिएंट बता रहे हैं। अब सवाल उठने लगे कि यह कितना संक्रामक है और वैक्सीन लगाने के बावजूद यह कितनी तेजी से फैल सकता है। साथ ही इससे बचाव के लिये क्या कदम उठाये जाने चाहिए। कह सकते हैं कि इस वायरस को लेकर अभी कयास ज्यादा है पुख्ता जवाब कम हैं। पिछले दिनों एम्स के डायरेक्टर ने दावा किया था कि तीसरी लहर की संभावनाएं क्षीण हैं, लेकिन अब चिंताएं फिर से बढ़ने लगी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय भी हरकत में आया है और राज्यों को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। जाहिर बात है इसके तीव्र प्रसार वाले बहुरूपिया स्वरूप ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। कहते हैं कि इस वेरिएंट में पचास से अधिक म्यूटेशन देखे गये हैं और उसमें तीस से अधिक स्पाइक प्रोटीन में, जिसके जरिये यह मानवीय कोशिकाओं पर हमला बोलता है। अब सवाल उठने लगा है कि क्या यह वेरिएंट अब तक उपलब्ध तमाम टीकों से हासिल इम्यूनिटी को बेअसर कर देगा?

दरअसल, कुछ देशों में दोनों टीका लगाने वाले लोग भी इसका शिकार बने हैं। हांगकांग में होटल के अलग कमरों में ठहरे लोगों में इसके प्रभाव के बाद आशंका पैदा हुई कि यह हवा से भी फैल सकता है? जब तक इस नये वेरिएंट के बारे में स्वास्थ्य वैज्ञानिकों के पास पर्याप्त जानकारी नहीं है, हमारी सजगता, सावधानी व सतर्कता ही प्राथमिक उपचार है। चिंता है कि वैज्ञानिकों व सरकारों ने कोरोना संक्रमण के खिलाफ जो प्रतिरोधकता हासिल की है कहीं उस पर नये वेरिएंट से पानी तो नहीं फिर जायेगा? दरअसल बचाव के उपाय के लिये सरकारों द्वारा उठाये गये कदमों से लोग तंग होने लगे हैं। यूरोप के कई देशों में नई लहर के बाद जो प्रतिबंध लगे उनके खिलाफ लोगों ने हिंसक प्रदर्शन किये। वाकई महामारी ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को रौंदा तो मार आम लोगों पर ही पड़ी। ऐसे में जरूरी है कि लोग बचाव के आम उपायों सुरक्षित दूरी, मास्क और सफाई का ध्यान रखें और विदेशों से आने वाले लोगों पर निगरानी रखकर कड़ी जांच की जाये। तभी हम तीसरी लहर के खतरे को टाल सकते हैं। हकीकत यही है कि इस्राइल जैसे देशों में जहां टीकाकरण सबसे पहले पूरा हुआ, वहां भी सरकार घबराकर आपात स्थिति घोषित करने की सोच रही है। तमाम देशों ने दक्षिण अफ्रीका समेत प्रभावित देशों की उड़ानें बंद कर दी हैं। नये वेरिएंट से कई देशों के स्वास्थ्य ढांचे के चरमराने का खतरा पैदा हुआ है।

# दूसरी आकाश गंगाओं के ग्रहों पर जीवन की उम्मीद

हमारा ब्रह्मांड अनंत रहस्यों से भरपूर है। वैज्ञानिक एक-एक करके इन रहस्यों का अनावरण करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ वैज्ञानिक हमारे सौरमंडल से बाहर की दुनिया की छानबीन कर रहे हैं तो कुछ दूसरी आकाशगंगाओं को टटोल रहे हैं। इस खोजबीन के नतीजे दिलचस्प और चौंकाने वाले हैं। खगोल वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से करीब 12.8 अरब प्रकाश वर्ष दूर एक विशाल आकाशगंगा में पानी की मौजूदगी के प्रमाण खोजे हैं। यह पहला अवसर है जब ब्रह्मांड में इतनी अधिक दूरी पर पानी पाए जाने के संकेत मिले हैं। खगोल वैज्ञानिकों के एक दल को दूसरी आकाशगंगा में एक तारे के इर्दगिर्द एक ग्रह के विद्यमान होने के संकेत मिले हैं। अमेरिका में इलिनॉयस विश्वविद्यालय की खगोल वैज्ञानिक श्रीवाणी जरुगुला ने कहा कि विशाल आकाशगंगा में पानी के अलावा कार्बन डाइऑक्साइड की उपस्थिति का भी पता चला है। उन्होंने कहा कि सुदूर आकाशगंगा में इन दोनों यौगिकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि बिग बैंग अथवा ब्रह्मांडीय विस्फोट से ब्रह्मांड के विस्तार के बाद आणविक जीवन के प्रकट होने में बहुत समय नहीं लगा। ब्रह्मांड की आयु 13.8 अरब वर्ष मानी जाती है।

खगोल वैज्ञानिकों के दूसरे दल को हमारी मिल्की वे आकाशगंगा के बाहर एक तारे के इर्दगिर्द एक ग्रह के अस्तित्व का पता चला है। इस संभावित बाहरी ग्रह की खोज नासा की चंद्र एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी ने वर्लपूल गैलेक्सी में की है। इस आकाशगंगा को मेसियर 51 भी कहा जाता है। हम अपने सौरमंडल के बाहर किसी तारे की परिक्रमा करने वाले ग्रह को बाहरी ग्रह या एक्सोप्लेनेट कहते हैं।

वैज्ञानिकों द्वारा अभी तक खोजे गए सारे बाहरी ग्रह मिल्की वे आकाशगंगा में विद्यमान हैं। इनमें अधिकांश ग्रह पृथ्वी से करीब 3000 प्रकाश वर्ष के दायरे में हैं। वर्लपूल गैलेक्सी में खोजा गया नया बाहरी ग्रह पृथ्वी से करीब 2.8 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर होगा। यानी कि यह ग्रह हमारी आकाशगंगा में मिले ग्रहों से हजारों गुणा अधिक दूर है। अमेरिका में मैसाचुसेट्स स्थित हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफीजिक्स की खगोल वैज्ञानिक रोजेन डि स्टेफानो ने कहा कि हम एक्स-रे वेवलेंथ पर बाहरी ग्रहों को खोजने की रणनीति अपना रहे हैं। इस रणनीति से दूसरी आकाशगंगाओं में भी ग्रह खोजना मुमकिन है।



डि स्टेफानो ने इस अध्ययन का नेतृत्व किया है। उनके दल ने एक्स-रे बाइनरी सिस्टम से एक्स-रे की चमक में गिरावट की तलाश की। एक्स-रे बाइनरी सिस्टम के तारे एक्स-रे में चमकते हैं। बाइनरी सिस्टम में दो तारे होते हैं। एक्स-रे उस समय उत्पन्न होती है जब इस सिस्टम के एक सामान्य तारे का पदार्थ दूसरे तारे पर गिरता है। इस सिस्टम का दूसरा तारा एक न्यूट्रॉन तारा या ब्लैक होल होता है। न्यूट्रॉन तारे और ब्लैक होल की उत्पत्ति सुपरनोवा से होती है। मरणासन्न तारे में प्रचंड विस्फोट को सुपरनोवा कहते हैं। ब्लैकहोल और न्यूट्रॉन तारे ब्रह्मांड के सबसे सघन पदार्थ हैं। न्यूट्रॉन तारा न्यूट्रॉन कणों से भरपूर होता है। इसकी उत्पत्ति उस समय होती है जब एक विशाल तारा अपना ईंधन खत्म होने के बाद खुद अपने ऊपर ढह जाता है। नए अध्ययन में शामिल शोधकर्ताओं के अनुसार एक्स-रे की चमक उत्पन्न करने वाला क्षेत्र छोटा होता है। यदि कोई ग्रह वहां से गुजरता है तो उसे आसानी से खोजा जा सकता है क्योंकि वह सारी या अधिकांश एक्स-रे को अवरुद्ध कर देगा। इस विधि से अंतरिक्ष में लंबी दूरियों पर भी बाहरी ग्रह खोजे जा सकते हैं। बहरहाल दूसरी आकाशगंगा में बाहरी ग्रह की खोज की पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ेगा। बहुत बड़ी कक्षा होने के कारण इस ग्रह को अपने बाइनरी तारे के समक्ष गुजरने में 70 वर्ष लगेंगे।इसका अर्थ यह हुआ कि इस ग्रह की पुष्टि करने में कई दशक लग जाएंगे। यह अध्ययन नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता अब दूसरी आकाशगंगाओं में नए संभावित ग्रहों की खोजबीन के लिए चंद्र एक्स-रे ऑब्जर्वेटरी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक्सएमएम-न्यूटन उपग्रह द्वारा एकत्र आंकड़ों की छानबीन करेंगे। शोधकर्ता इस विधि से हमारी मिल्की वे आकाशगंगा में भी नए बाहरी ग्रहों की तलाश के लिए एक्स-रे स्रोतों में ग्रहों के पारगमन की खोज करेंगे। चंद्र ऑब्जर्वेटरी के पास करीब 20 आकाशगंगाओं के आंकड़े हैं। ध्यान रहे कि इस अंतरिक्ष दूरबीन को 1999 में कोलंबिया स्पेस शटल द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किया गया था।इस बीच, खगोल वैज्ञानिकों ने एक ऐसा ग्रह खोजा हैं जहां आसमान से लोहा बारिश की तरह गिरता है। इस बाहरी ग्रह का नाम वास्प 76बी है। यह ग्रह गर्म बृहस्पतियों की श्रेणी में आता हैं। ऐसे ग्रहों को ञ्हॉट जुपिटरज्भी कहते हैं। अपने मेजबान तारों के बहुत नजदीक होने की वजह से इनका तापमान बहुत ज्यादा होता है। वास्प 76बी ग्रह आग की भट्टी की तरह है। इसकी सतह इतनी आग उगलती है कि लोहा वाष्प बन कर उड़ जाता है। यह वाष्प ग्रह के रात वाले हिस्से में ठंडी हो कर बारिश की तरह गिरने लगती है।वैज्ञानिकों के एक अंतरराष्ट्रीय दल ने इस ग्रह पर मुक्त कैल्शियम की उपस्थिति का पता लगाया है, जिससे संकेत मिलता है कि वहां वायुमंडलीय तापमान पहले लगाए गए अनुमानों से कहीं बहुत अधिक है। यह खोज हवाई में मौना किया पर्वत की चोटी के निकट तैनात जैमिनी नॉर्थ टेलीस्कोप द्वारा एकत्र आंक?ों के आधार पर की गई। वास्प 76बी ग्रह की खोज 2016 में हुई थी। यह पृथ्वी से 640 प्रकाश वर्ष दूर है। यह विशाल ग्रह अपने मेजबान तारे के इतना ज्यादा करीब है कि इसे अपने तारे का चक्कर पूरा करने में सिर्फ 1.8 दिन लगते हैं। इसका तारा एफ श्रेणी का तारा है जो हमारे सूरज से थो?ा सा ज्यादा गर्म है। इस अध्ययन में शामिल अमेरिका के कॉर्नवेल विश्वविद्यालय के खगोल वैज्ञानिक रे जयवर्धन और हेरॉल्ड टैनर ने कहा कि जैसे-जैसे हम विविध द्रव्यमानों और तापमानों वाले बाहरी ग्रहों का दूर-संवेदी अध्ययन करेंगे, वैसे-वैसे हम बाहरी ग्रहों की विविधता की एक संपूर्ण तस्वीर विकसित कर सकेंगे। इन विविध ग्रहों में लोहे की बारिश वाले गर्म ग्रहों से लेकर मध्यम जलवायु वाले ग्रह शामिल हैं। कुछ ग्रह बृहस्पति की तरह भारी भरकम हैं जबकि कुछ पृथ्वी से ज्यादा बड़े नहीं हैं। इस समय उपलब्ध टेलीस्कोपों और उपकरणों की मदद से हमें बाहरी ग्रहों के वायुमंडलों के बारे में बहुत कुछ जानकारी मिल चुकी है।

**मुकुल व्यास**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# अवगुण की संगति से घटती गुण महिमा

जीवन के विकास तथा व्यक्तित्व के निर्माण में परिवेश एवं सामाजिक स्थितियों की महती भूमिका होती है। जिस परिवेश में मनुष्य बचपन से जीवनयापन करता चलता है, संस्कारों से, उस उर्वरा भूमि से ही वह जहां कुछ न कुछ सीखता है, वहीं सक्षम होने पर कुछ न कुछ नैसर्गिक रूप से उसे गुणात्मक रूप में लौटाता भी रहता है।

यह दुर्लभ जीवन, जहां क्षण-क्षण सहेज कर इसे नाना प्रकार के गुणात्मक पुष्पों से अलंकृत कर सजाता-संवारता रहता है, उसके समानांतर ही द्वेष का दैत्य इसके महत्व व वैभव को भंजित करने की घात लगाए बैठा रहता है। संगति अथवा कुसंगति का प्रभाव, मानवीय चरित्र के विकास व ह्रास की दिशा व दशा को सुधारने अथवा बिगाड़ने में पूर्ण रूप से सहायक होता है।

संगति की किसी भी मनुष्य के जीवन-विकास अथवा जीवन-लक्ष्य निर्धारण में अपूर्व भूमिका होती है। जिस तरह की संगति में हम रहते हैं, वैसी ही गुणात्मकता अथवा निकृष्टता नैसर्गिक रूप से हमारे चरित्र को आच्छादित कर देती है और धीरे-धीरे हम उसके समकक्ष अथवा उसी श्रृंखला में अग्रिम स्थिति में आने या लक्ष्य पाने को उत्प्रेरित अथवा बाध्य हो जाते हैं।

एक अवगुण, सौ गुणों के महत्व को भी धूल-धूसरित करने में देर नहीं लगाता। कलियुग में गुणात्मकता, पुण्य, सत्य व आदर्श का प्रसार जितनी धीमी गति से होता है, उसकी अपेक्षा असत्य, पाप, अवगुण व नकारात्मकता का प्रभुत्व, प्रभाव व प्रसार तीव्रतर गति से होता है। सत्य को सत्य सिद्ध करने के लिए एकमात्र सत्य ही होता है, जबकि एक असत्य, सत्य को असत्य सिद्ध करने के लिए सैकड़ों सत्यों की सप्रमाण रचना कर देता है।

यह बात दीगर है कि अंततः सत्यमेव जयते यानी सत्य ही विजयी होता है। लेकिन यह अवश्य है कि अवगुण की संगति करने पर महिमा गुण की घटती है। संसार में अपात्र, अयोग्य व दुर्जन का संग करने से किसको हानि नहीं हुई है?

कुसंगति के प्रभाव से जहां गुणात्मकता कलुषित होती है, वहीं असत्य व अवगुणों को सीना फुलाकर अन्यान्य मार्गों में आगे बढ़ने के अवसर मिल जाते हैं। इससे सत्य जहां कु-परिभाषित होकर झूठ के कठघरे में खड़े हो जाने के लिए बाध्य हो जाता है, वहीं असत्य एवं अवगुण को गरिमा, महत्व एवं उपादेयता की हांडी हाथ लग जाती है। जिस अनुपात में सज्जन के सत्संग से दुर्जन की गुणात्मकता का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ता है, उसी अनुपात में दुर्जन की संगति से सज्जन का चरित्र, व्यक्तित्व एवं गुणवत्ता क्रमशः कलंकित होती चली जाती है। कुसंगति, उस जोक की तरह है जो उनकी गुणात्मकता के लहू को सोख कर ही दम लेती है।

ईश्वर, जीव के चरित्र, कर्म, चिंतन व संस्कारों के हिसाब से ही उसकी कोटि का निर्धारण करते हैं। यद्यपि हंस व कौआ दोनों जीव ही हैं किंतु विगत कर्मों की सकारात्मकता व नकारात्मकता ही उनके व्यक्तित्व को चारित्रिक दृष्टि से अलग-अलग रूप में परिभाषित करती है। दुर्जन व्यक्ति के चित्त का परिष्करण संभव नहीं है। किंतु सज्जन व्यक्ति सदैव चित्त व चिंतन की शुद्धि में विश्वास कर स्वयं को परिमार्जित व परिशुद्ध करता रहता है। कबीरदास कहते हैं :-

दाग जो लागा नील का, सौ मन साबुन धोय।
कोटि जतन पर बोधिये, काग हंस न होय॥

पापी, पाप करने के लिए अभिशप्त है; दुष्ट, दुष्टता के लिए और कृतघ्न, कृतघ्नता के लिए। इसलिए किसी की प्रकृति और प्रवृत्ति को, बिना उसकी जिज्ञासा, इच्छा व मनोवृत्ति के बदल पाना नितांत कठिन है। जीवन की दुर्लभता व समय की उपादेयता का लाभ उठाते हुए कुसंगति के दंश से सदैव बचना चाहिए क्योंकि नीच व्यक्ति का नीच कर्म से बाज आना संभव नहीं होता। कुसंगति के दुष्प्रभाव से किसका विनाश नहीं होता? नीचता ग्रहण करने से बौद्धिक चातुर्य समाप्त हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं :-

को न कुसंगति पाय नसाई।रहै न नीच मते चतुराई॥

संस्कारों की दढ़ता, व्यक्तित्व को अधिक निर्भय बनाती है। जितना जिसके सदचिंतन एवं सत्कर्म में दम होगा, उतना ही उसका प्रभुत्व अपने पास-परिवेश पर अधिक होगा। फिर कुसंगति का दैत्य उसका बाल-बांका भी नहीं कर सकेगा। यही तो कवि रहीम भी कहते हैं :-

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग॥

इसीलिए, सज्जन व्यक्ति को दुर्जन की कुसंगति त्याग कर अपने सदचिंतन एवं सत्कर्म के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होना चाहिए।

-दिनेश चमोला 'शैलेश'

# आपका राशिफल 30 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5663



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नहीं' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नांडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5662



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मस्तक पर होती हैं 7 लकीरें सबसे ताकतवर हैं शनि रेखा

मान्यता है कि माथे पर बनी किस्मत की रेखाओं के अनुसार ही व्यक्ति का जीवन चलता है। इन रेखाओं के अनुसार ही किस्मत बनती और बिगड़ती है। लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि माथे पर बनी हर रेखा का एक गृह से संबंध है। जैसे सबसे ऊपर वाली रेखा को शनि रेखा कहा जाता है। यानी शनि ग्रह की स्थिति का असर इस पर पड़ता है। इसी तरह दूसरे नंबर वाली रेखा गुरु रेखा कहलाती है। वृहस्तपति से इसका सीधा संबंध है। इसके बाद क्रमशः मंगल रेखा, बुध रेखा, शुक्र रेखा, सूर्य रेखा और चंद्र रेखा आती हैं।

### किस्मत बदल सकती है शनि रेखा

माथे पर स्थित सबसे ऊपर वाली शनि रेखा में बहुत शक्ति होती है। ज्योतिष कहता है कि इसी कारण इसे सबसे ऊपरी का स्थान मिला है। समुद्र लक्षण विज्ञान में इसके बारे में विस्तार से बताया गया है। शनि रेखा अधिक लंबी नहीं होती है। केवल माथे के बीच में ही दिखाई देती है। समुद्र लक्षण विज्ञान कहता है कि इस रेखा के आसपास का हिस्सा शनि देव और शनि ग्रह से प्रभावित होता है।

मान्यता है कि जिस व्यक्ति के मारे पर यह रेखा साफ दिखाई देती है, वह गंभीर स्वभाव का होता है। वहीं, जिन लोगों का माथा थोड़ा उठा होता है और शनि रेखा स्पष्ट दिखाई देती है, वे अहंकारी होते हैं। ऐसे लोगों का स्वभाव रहस्यमयी भी होता है। इनके बारे में दूसरे को ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे ही लोग जादूगर और तांत्रिक बनते हैं। जिन लोगों पर शनि देव प्रसन्न होते हैं, उनके लिए अच्छा वक्त शुरू हो जाता है। ज्योतिषियों की सलाह पर शनि देव की आराधना करें।

### माथे की लकीरें बताती हैं कितनी रहेगी उम्र

शरीर लक्षण विज्ञान के अनुसार मस्तक की रेखाओं को देखकर किसी भी व्यक्ति की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। मस्तक पर दो पूर्ण रेखाएं हो तो व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष होती है। वहीं सामान्य मस्तक पर तीन शुभ रेखाएं हो तो व्यक्ति करीब 75 वर्ष की आयु प्राप्त करता है। यदि मस्तक श्रेष्ठ हो तो जातक की उम्र और भी अधिक होती है। निम्न ललाट पर भी शुभ गुणों से युक्त चार रेखाएं हों तो जातक की आयु लगभग 75 वर्ष होती है।

सामान्य मस्तक पर पांच उत्तम रेखाएं हों तो ऐसे जातक सौ वर्ष तक सुख भोगते हैं। यदि उन्नत मस्तक पर पांच से अधिक रेखाएं हों तो जातक की आयु मध्यम और यदि मस्तक निम्न श्रेणी का हो तो जातक अल्पायु होता है। मस्तक की किन्हीं दो रेखाओं के किनारे आपस में एक-दूसरे का स्पर्श करते हैं तो ऐसे जातक की आयु करीब 60 वर्ष होती है। मस्तक पर यदि कोई रेखा न हो तो व्यक्ति 25 से 40 वर्ष की आयु में पीड़ा पाता है।

## सूडोकु नवताल- 6181

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6180 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |


## विचार प्रवाह



10 साल के हो जाओ तो मां की उंगली पकड़कर चलना छोड़ दो। 20 साल के हो जाओ तो खिलौनों से खेलना छोड़ दो। 30 सालके हो जाओ तो इधर उधर घुमाना छोड़ दो। 40 साल के हो जाओ तो रात में खाना छोड़ दो। 50 साल के हो जाओ तो होटल में जाना छोड़ दो। 60 साल के हो जाओ तो व्यापार करना छोड़ दो। 70 साल के हो जाओ तो बिस्तर पर सोना छोड़ दो। 80 साल के हो जाओ तो लस्सी पीना छोड़ दो। 90 साल के हो जाओ तो और जीने की आशा छोड़ दो। 100 साल के हो जाओ तो दुनिया को ही छोड़ दो।

**मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज**

## शब्द पहेली - 7228



**बाएँ से दाएँ**

1. तरंग, हिलोर-3
3. झगड़ा, द्वेष, कहासुनी-3
5. पार्थिव देह-2
6. जरा, थोड़ा-2
8. रहस्य जानने वाला-4
10. दरवेश, औलिया, पीर-3
12. बहुतांश-3
13. राजनीतिक पार्टी-2
14. हिरासत-2
15. साजन, प्रेमी-3
17. देवर्षि-3
19. भगवान, रब, करतार -4
21. श्रवणेंद्रिय-2
23. प्राण, जीवन तत्व-2
24. द्रव पदार्थ-3
25. डोली उठाने वाले-4


**ऊपर से नीचे**

1. भगवान राम का एक पुत्र-2
2. दया, करुणा-3
3. शर्ट, बुशर्ट-3
4. अधिकार-2
5. भद्र, कुलीन-3
7. बड़ा भवन, कोठी-3
8. हमेशा, हर पल-4
9. यात्री, पथिक, राहगीर-2
12. कुख्यात-2,2
15. तमीज, तहजीब-3
16. रात्रि, रजनी-2
18. शोषण करना, दबाना-3
19. आसान, सीधा-3
20. नाव चलाने वाला-3
22. झुका हुआ-2
23. मर्तबान, रुस का राजा-2

शब्द पहेली -7227 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore



# जूनियर डाक्टर आज हड़ताल पर

## मरीजों को हो सकती है परेशानी

**भोपाल** । मध्य प्रदेश समेत देशभर में सरकारी और निजी कालेजों में दाखिले के लिए नीट पीजी काउंसलिंग में देरी से नाराज जूनियर डाक्टरों ने सोमवार को सेवाएं नहीं देने का निर्णय लिया है। उनकी हड़ताल की वजह से ओपीडी, वार्ड, आपरेशन थियेटर में मरीजों को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित होंगी। मप्र जूडा ने कहा कि एक दिन की हड़ताल के बाद भी उनकी मांग पर भारत सरकार ने नहीं मानी तो आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। मप्र जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. अरविंद मीणा ने कहा कि फेडरेशन आफ रेसीडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (फोर्डा) और अन्य संगठनों ने शनिवार को भी ओपीडी व अन्य सेवाएं बंद करने को कहा था, लेकिन मरीजों को परेशानी न हो इसलिए मध्य प्रदेश में शनिवार को आंदोलन टाल दिया गया था।

### आंदोलन की वजह

एमडी-एमएस का सत्र हर साल एक जून से शुरू होता है। इस साल कोरोना की वजह से पहले तो परीक्षा में देरी हुई। इसके बाद अब काउंसलिंग में देरी के चलते दाखिले नहीं हो पा रहे हैं। आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन है। जूडा का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चार हफ्ते के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। जूनियर डाक्टर्स की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द से जवाब दे, जिससे मामले का जल्दी निराकरण होकर काउंसलिंग शुरू हो सके। जूडा का कहना है कि काउंसलिंग में देरी से एक तो दाखिला लेने वाले बैच का सत्र देर से शुरू होगा। दूसरी बात यह कि प्रथम वर्ष के जूनियर डाक्टर नहीं होने की वजह से द्वितीय और तृतीय वर्ष के छात्रों पर दबाव बढ़ा है। तृतीय वर्ष के छात्र थीसिस तैयार करने में लगे हैं। ऐसे में प्रदेश में तीनों साल के मिलाकर 1800 जूनियर डाक्टरों की जगह सिर्फ द्वितीय वर्ष के ही 500 जूनियर डाक्टर काम कर रहे हैं।

**जूडा के आंदोलन की वजह से काम प्रभावित नहीं होगा। हमारे पास पर्याप्त फैकल्टी और रेसीडेंट डाक्टर्स हैं। आपरेशन भी नहीं टाले गए हैं।** **-डा. अरविंद राय, डीन, जीएमसी, भोपाल**

# सरकार ने वापस लिया पुराना आदेश

## अब 50 फीसद क्षमता के साथ खुलेंगे स्कूल

## कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर सरकार सतर्क

**भोपाल।** कोरोना की स्थिति को देखते हुए सरकार सतर्क हो गई है। रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाकर समीक्षा की। इसमें उन्होंने निर्णय किया कि सोमवार से स्कूल विद्यार्थियों की 50 प्रतिशत क्षमता के साथ खुलेंगे यानी तीन दिन आधे और तीन दिन आधे बच्चे आएंगे। विद्यार्थियों को आनलाइन शिक्षा का विकल्प भी दिया जाएगा। माता-पिता की सहमति से ही बच्चे स्कूल आएंगे। वहीं, विदेश से आने वाले यात्रियों पर न सिर्फ नजर रखी जाएगी बल्कि केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार जांच भी कराई जाएगी। तीसरी लहर न आ पाए, इसके लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। कोरोना के नए वेरिएंट और प्रदेश में संक्रमितों की संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने समीक्षा की। इसमें स्कूलों को लेकर निर्णय लिया गया कि सोमवार से ये विार्थियों की पचास प्रतिशत क्षमता के साथ ही संचालित होंगे। आनलाइन शिक्षा का विकल्प स्कूलों द्वारा बधाों को दिया जाएगा ताकि पढ़ाई का नुकसान न हो। स्कूलों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के सभी उपाय करने होंगे। कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर उन्होंने कहा कि सावधानी जरूरी है क्योंकि यह बहुत तेजी से फैलता है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। मास्क लगाना अनिवार्य है। इसको लेकर रोको-टोको अभियान चलेगा। विदेशों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जाए। उनकी जांच कराई जाए और यदि आवश्यक हो तो आइसोलेशन में भी रखा जाएगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं पर कोरोना की रोकथाम संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।



### विदेश से आने वाले यात्रियों की होगी निगरानी

### किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में अभी 58 से 60 हजार टेस्ट हो रहे हैं। इनकी संख्या प्रतिदिन 70 हजार से संख्या कम न हो। जहां भी कोरोना संक्रमण के मामले सामने आते हैं, वहां विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। दिसंबर में कोविड वैक्सीन का दूसरा टीका शत-प्रतिशत पात्र व्यक्ति को लग जाए। एक दिसंबर को टीकाकरण का महाअभियान होगा।

अभी तक 62.5 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को दूसरा टीका लगा है। 29 नवंबर को कलेक्टर, कमिश्नर, आइजी और पुलिस अधीक्षकों के साथ होने वाली वीडियो कांफ्रेंस में कोरोना संक्रमण की रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी। एक दिसंबर को आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक होगी। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान और पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी उपस्थित थे।

### भोपाल और इंदौर में आ रहे हैं संक्रमण के प्रकरण

उन्होंने कहा कि अभी भोपाल और इंदौर में ही प्रमुख रूप से कोरोना संक्रमण के प्रकरण आ रहे हैं। इनकी संख्या भी ऐसी नहीं है कि आज हमारे मन में डर पैदा करे लेकिन सावधानी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि हम कोरोना के नए वेरिएंट से चिंतित नहीं बल्कि सावधान जरूर हों। यही हमारी ड्यूटी है। सरकार आपके साथ मिलकर पूरी कोशिश करेगी कि तीसरी लहर न आ पाए।


यह दिए निर्देश

- मास्क और शारीरिक दूरी का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए।
- अस्पतालों में रेमडेसिविर सहित अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- आक्सीजन की लाइन की जांच करने के साथ संयंत्रों को चलाकर भी देखें।
- जीनोम सिक्वेंसिंग (वायरस कैसा है और कैसा दिखता है) के सेम्पलों की संख्या बढ़ाई जाएगी।
- केंद्र सरकार और डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए।
- जन जागरण अभियान में आमजन का सहयोग लिया जाए। लक्षण दिखें तो तत्काल जांच कराई
- सेंकड डोज टीके का 62.5 प्रतिशत लोगों को लग चुका है। एक दिसंबर को टीकाकरण का महाअभियान है।

## माफिया को नहीं मिलेगी माफी



# भू-माफिया के कब्जे से भूमि मुक्त होने तक जारी रहेगा अभियान - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान



**भोपाल।** प्रदेश में भू-माफिया के खिलाफ अभियान तब जक जारी रहेगा, जब तक उनके कब्जे से सरकारी या नागरिकों की भूमि मुक्त नहीं करा ली जाती। भू-माफिया चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। जबलपुर और धार जिला प्रशासन ने जिस तरह से तरह माफिया के कब्जे से भूमि मुक्त कराई है, वो प्रशंसनीय है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दोनों जिला प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए कही। जबलपुर जिला प्रशासन ने आधारताल के कुदवारी में माफिया के कब्जे से करीब पांच करोड़ रुपये की ढाई एकड़ शासकीय भूमि को मुक्त कराया है। इस दौरान प्रशासन ने 90 लाख रुपये का निर्माण भी ध्वस्त किया। वहीं, धार जिले में भू-माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 27 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें 13 आरोपितों (आठ पुरुष और पांच महिला) को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकारी हो या नागरिकों की निजी भूमि, किसी का भी हक छीनने वाले तत्वों को मध्य प्रदेश की धरती पर बख्शा नहीं जाएगा। जिसने भी अवैध तरीके कब्जा किया है, उसे मुक्त कराया जाएगा। शासकीय भूमि का उपयोग जनहित में किया जाएगा। शहर के पास की भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाए जाएंगे और यदि भूमि शहर से दूर हैं तो वहां शासकीय कार्यालय आवश्यकता के अनुसार बनाए जाएंगे।

# अब मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा करेंगे भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री




**भोपाल।** विधायकों की संभागवार बैठक के बाद अब मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सोमवार को शिवराज मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसमें मंत्रियों से उनके कामकाज से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन पर बात की जाएगी। वहीं, उन्होंने रविवार को बूथ समिति, प्रवक्ता और निगम-मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और दिशा-निर्देश दिए। संतोष तीन दिन के प्रवास पर रविवार को सुबह भोपाल पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने के बाद भोपाल के शाहपुरा बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें मतदान केंद्र पर चलाए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में उन्होंने पूछताछ की और निर्देश दिए कि मतदाताओं से संपर्क का कार्यक्रम निरंतर चलता रहे। नए व्यक्तियों को पार्टी से जोड़ा जाए। वहीं, प्रवक्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय रहें और विरोधियों द्वारा फैलाए जाने वाले दुष्प्रचार का तर्कों के साथ जवाब दें। आप पार्टी का चेहरा हैं और आपकी बात को कोई खारिज नहीं कर सकता है। यही वजह है कि आपके बयान का महत्व ज्यादा रहता है। हिंदी के अलावा एक अन्य भाषा भी सीखें और इंटरनेट मीडिया के जो नए माध्यम आ रहे हैं, उन पर भी सक्रिय रहें। उन्होंने यह भी कहा कि निगरानी के लिए एक व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने प्रवक्ताओं से कहा कि आप अपनी बात दृढ़ता से रखने के लिए प्रामाणिक तथ्यों का उपयोग करें। इस दौरान पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने मीडिया विभाग की कार्ययोजना प्रस्तुत की। बैठक में पार्टी के सह मीडिया प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।बीएल संतोष ने देर शाम निगम व मंडलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसमें उनके काम के बारे में पूछा और कहा कि ईमानदारी के साथ काम करें। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि बैठक में जिसकी जो भूमिका है, वो सही तरीके से निभाए, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। निगम-मंडलों में यह भूमिका सही तरीके से निभाई जा रही है या नहीं, इस पर बात की गई है। वहीं कई संस्थान है, जहां सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। वे सही काम कर रहे हैं या नहीं, इसकी जानकारी भी ली गई। सोमवार को मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ बैठक होगी। इसमें कामकाज की समीक्षा की जाएगी।



# कुछ वन क्षेत्रों में पहली बार मिले बाघ की उपस्थिति के प्रमाण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बाघ आकलन-2022 के सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। आकलन का अभी पहला चरण शुरू हुआ है। जिसमें बाघों की उपस्थिति के प्रमाण तलाश किए जा रहे हैं। 17 से 23 नवंबर तक चले पहले चरण में आधा दर्जन ऐसे वन क्षेत्रों में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं, जिनमें इससे पहले (दो दशक से) बाघ नहीं देखे गए थे। वहीं तीन ऐसे वन क्षेत्र भी हैं, जिनमें बाघों की उपस्थिति वाली बीटों की संख्या बढ़ गई है। यानी बाघों का मूवमेंट इन क्षेत्रों में बढ़ा है। प्रदेश में बाघ आकलन का पहला चरण जनवरी 2022 तक चलेगा। देश में सबसे ज्यादा बाघों की मौत के कारण मध्य प्रदेश को कर्नाटक से कड़ी चुनौती मिल सकती है। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि प्रदेश दूसरी बार बाघों के मामले में सिरमौर बनेगा। इस आत्मविश्वास को जंगल से आ रही खबरों से बल मिलता है। सात दिन जंगल में चले बाघों की उपस्थिति के प्रमाण तलाश करने के सर्वे में खंडवा, श्योपुर, शिवपुरी, रामपुर भतौड़ी बैतूल, उत्तर एवं दक्षिण सिवनी, देवास और पन्ना के बाहरी क्षेत्र (टाइगर रिजर्व छोड़कर) में बाघों की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं। प्रदेश में 83 क्षेत्रों में सर्वे होना है और अभी 26 में हुआ है। बाघ आकलन-2018 में दक्षिण सिवनी वनमंडल की 40 बीटों में बाघों की उपस्थिति का पता चला था। इस बार बाघ उपस्थिति वाली बीटों की संख्या 40 से बढ़कर 80 हो गई है।

**बाघ आकलन के प्रारंभिक परिणाम सुखद हैं। उम्मीद है कि हम बाघ प्रदेश होने का गौरव कायम रखने में सफल रहेंगे।**

**आलोक कुमार, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मध्य प्रदेश**

### शावक गिने गए तो 700 का आंकड़ा

मध्य प्रदेश में इस बार 700 बाघ गिने जा सकते हैं, पर सारा दारोमदार एक साल उम्र के शावकों की गिनती पर निर्भर करेगा। यदि पिछली साल की तरह इस बार भी एक साल तक के शावकों की गिनती होती है, तो प्रदेश इस आंकड़े को छू सकता है और ऐसा नहीं होता है, तो इस आंकड़े तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि आकलन-2018 का परिणाम जारी करने से ऐन पहले एक साल तक के शावकों को गिनती में शामिल कर लिया गया था। इस कारण प्रदेश में 218 बाघ बढ़ने का आंकड़ा सामने आया था।

### पहले चरण को चार चरणों में बांटा

प्रदेश की नौ हजार बीटों में बाघ गणना की जा रही है। बड़ा क्षेत्र, संसाधनों की कमी और प्रतिद्वंदी से नजदीकी स्पर्धा को देखते हुए वन अधिकारियों ने बाघ आकलन के पहले चरण को चार चरणों में बांट दिया है। इनमें से पहला चरण 17 से 23 नवंबर तक चला था। अब दूसरा एक से सात दिसंबर, तीसरा 15 से 21 दिसंबर और चौथा 11 जनवरी 2022 तक चलेगा। पहले तीन चरणों में ढाई-ढाई हजार बीट और चौथे में डेढ़ हजार बीट में बाघ की मौजूदगी के प्रमाण तलाश किए जाएंगे।

### पुराने कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा

इस बार प्रदेश में नवाचार हुआ है। पिछले सालों में बाघ गणना कर चुके वन परिक्षेत्र अधिकारियों के नेतृत्व में पांच-पांच वनरक्षकों को तैनात किया है। वे उन क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं, जहां दशकों से बाघ नहीं देखे गए हैं। इसी में नए क्षेत्रों में बाघों की उपस्थिति का पता चला है।

# दिसंबर के लिए केंद्र सरकार से मांगा सात लाख टन यूरिया



**भोपाल।** रबी फसलों के लिए यूरिया और डीएपी खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को सात लाख टन यूरिया दिसंबर में देने की मांग की है। साथ ही ढाई लाख टन डीएपी खाद भी मांगी गई है। प्रदेश के पास अभी ढाई लाख टन यूरिया और 90 हजार टन डीएपी उपलब्ध है। दो लाख टन सिंगल सुपर फास्फेट और 75 हजार टन एपीके का भंडार है।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को खाद की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर समीक्षा की और निर्देश दिए कि निगरानी बढ़ाई जाए। कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। उधर, कृषि मंत्री कमल पटेल ने कृषि और सहकारिता विभाग को निर्देश दिए हैं कि डिफाल्टर किसानों को सहकारी समितियों से नकद में खाद दी जाए। मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने यूरिया, डीएपी सहित अन्य खाद की उपलब्धता को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिसंबर के लिए यूरिया और डीएपी का मांग केंद्र सरकार से की है। इसमें सात लाख टन यूरिया और ढाई लाख टन डीएपी खाद मांगी गई है। पिछले साल दिसंबर में चार लाख टन यूरिया लगा था। कुछ हिस्सों में बोवनी का काम चलने के कारण डीएपी की मांग भी बनी हुई है। प्रतिदिन सात से आठ रेलवे रैक के माध्यम से खाद आ रही है। शनिवार को नौ रैक यूरिया आया था। 24 रैक यूरिया कंपनियों ने मध्य प्रदेश के लिए रवाना कर दिया है, जो जल्द ही विभिन्न् जिलों में पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं आना चाहिए। इसके लिए नियमित निगरानी की जाए। कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो पाए। जहां से भी इस तरह की शिकायतें मिलें, वहां सख्त कार्रवाई की जाए। केंद्रीय अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहें और खाद की मांग करते रहें ताकि नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उधर, कृषि मंत्री कमल पटेल ने कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिफाल्टर किसानों को सहकारी समितियों से नकद में खाद उपलब्ध कराया जाए। दरअसल, सरकार ने जिले के भीतर खाद वितरण की व्यवस्था बनाने के अधिकार कलेक्टरों को दे दिए हैं। वे ही तय कर रहे हैं कि समितियों के माध्यम से कितनी खाद बिकेगी और निजी विक्रय केंद्रों से कितनी मात्रा में खाद बेची जाएगी।



# आशंकाओं से घिरा मेला

### कोरोना के अफ्रीकी वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता

**ग्वालियर** । वर्ष 2019-20 में ग्वालियर व्यापार मेला 26 दिसंबर को शुरू हो गया था। इस तारीख को आने में अब एक महीना भी शेष नहीं हैं, जबकि मेले की तैयारियों का कुछ अता-पता नहीं है। मेला मैदान में बेतहाशा गंदगी फैली हुई है। छतरियां टूटी हैं व दुकानें जर्जर हैं। सड़क व मैदान भी खुदा पड़ा है। मेले को लेकर अभी तक तैयारी शुरू न होने से व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है। वहीं कोरोना का खतरा एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। कोरोना के अफ्रीकी वैरिएंट ने चिंता बढ़ा दी है। इसके कारण मेले को लेकर आशंकाएं और भी अधिक बढ़ गई हैं। जिस तरह स्कूलों को पुन: 50 फीसद क्षमता के साथ संचालित किए जाने व आनलाइन क्लास चालू रखने के निर्देश राज्य सरकार द्वारा दिए गए हैं, उससे आशंका है कि मेले का आयोजन भी मुश्किल होगा। अभी तक मेले की तैयारी भी शुरू नहीं होने से इस आशंका को बल मिल रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इसपर कोई टिप्पणी नहीं की जा रही।

# पुलिस ने बचाई जान

## जिम ट्रेनर युवती को फांसी से उतारकर पुलिस ने बचाई जान

**इंदौर।** पलासिया थाना पुलिस ने बड़ी ग्वालटोली में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली युवती को बचाया है। टीआइ संजय सिंह बैस ने बताया कि रविवार को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि बड़ी ग्वालटोली स्थित मकान में एक युवती गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बीट में तैनात आरक्षक भागचन्द्र श्रवण मौके पर पहुंचे । मकान के बाहर भीड़ लगी थी और वे चिल्ला रहे थे। आरक्षकों ने तुरंत लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा और अंदर गए। वहां देखा एक युवती मकान की छत के नीचे लगी लकड़ी पर साड़ी का फंदा बनाकर लटकी हुई थी, आरक्षकों ने तुरंत उसके पैर पकड़े और फिर नीचे उतारा। युवती की उम्र 23 साल है और जिम में ट्रेनर है। युवती के पिता की चार साल पहले ही मौत हो चुकी है। कुछ दिन पहले इसकी मां छोड़कर अपने प्रेमी के साथ रहने लगी थी, जिससे घर की पूरी जिम्मेदारी इस लड़की पर आ गई थी। मां को बुलाया लेकिन वह वापस आने के लिए तैयार नहीं थी। छोटे भाइ बहनों की जिम्मेदारी और मां के चले जाने से वह तनाव में थी, जिसके चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या करना चाही।

### टीआइ ने की काउंसलिंग

टीआइ ने बताया कि युवती की बात सुनने पर मां को थाने बुलाया और युवती से मिलाया। युवती की मां ने बताया कि वह अपने प्रेमी को शादी के पहले से चाहती थी लेकिन मां-बाप ने उसकी दूसरी जगह शादी करवा दी। चार साल पहले पति की मृत्यु के बाद उसकी फिर से प्रेमी से मुलाकात हुई और बच्चों को छोड़कर अपने प्रेमी से शादी कर ली। पूरी बात सुनने के बाद मां को बच्चों के साथ रहने के लिए राजी किया। साथ ही युवती को भी समझाइश दी।



# कटनी के स्टोन को मिले नई पहचान-प्रभारी मंत्री

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री



**कटनी। एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी के स्टोन का चयन कर उसकी पहचान देश विदेश में हो, इसके लिए आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला से निश्चित ही स्टोन को नई पहचान मिलेगी। देश भर से आए शिल्पकारों ने हमारे जिले के पत्थर पर कलाकृतियों का निर्माण कर उसे परखा है और उनके अनुभवों से आने वाले समय में कटनी के स्टोन की मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह बात प्रदेश सरकार के वित्त, वाणिज्यकर और जिले के प्रभारी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के अंतर्गत जागृति पार्क में कटनी के स्टोन पर देशभर से आए शिल्पकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कही। इस दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेन्द्र पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष , कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन भी उपस्थित रहे।**

### शिल्पकारों की कलाकृतियों को प्रभारी मंत्री ने देखा, सराहना की

जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कटनी के स्टोन पर शिल्पकारों द्वारा गढ़ी गई शिल्प को देखा और उनकी तारीफ की। साथ ही शिल्पकारों से कटनी के स्टोन में आगामी संभावनाओं को लेकर चर्चा भी की। देशभर से आए शिल्पकारों की कलाकृतियों के साथ ही प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने जिले के बिलहरी के शिल्पकारों की कलाकृतियों को भी देखा और उनसे चर्चा कर उनकी कलाकारी की तारीफ की। सीमेंट के माध्यम से पं. बंगाल के कलाकारों द्वारा बनाई गई प्रतिमाओं का भी प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने शिल्पकार रमनदीप सिंह, मनदीप खैरा मनसा पंजाब, प्रदीप बी जोगडांड मुंबई, हरपाल सिरसा हरियाणा, विनय अंबर जबलपुर, रमेश चंद्रा, रवि कुमार, नीरज विश्वकर्मा उत्तरप्रदेश, योगेश के प्रजापति नई दिल्ली, हंसराज कुमावत जयपुर, डीवी मुरूगन तमिलनाडू, सुप्रिया अंबर जबलपुर से उनके द्वारा बनाई गई शिल्प के संबंध में भी जानकारी ली।

### 20 दिन तक हुए विविध आयोजन

कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का आयोजन जागृति पार्क में 9 नवंबर से 28 नवंबर तक किया गया था। 20 दिनों तक देश के अलग-अगल हिस्सों से शिल्पकारों ने कटनी के स्टोन पर अलग-अलग कलाकृतियों का निर्माण किया। लोगों को जहां शिल्पकलाओं से परिचित होने का अवसर मिला तो विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी इस दौरान आयोजन हुआ। बाल दिवस पर जागृति पार्क में बच्चों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें चित्रकला, भाषण, गीत, कविता आदि की बच्चों ने प्रस्तुति दी। साथ ही फूड फेस्टिवल का भी आयोजन हुआ और उसमें लोगों ने परिवार सहित व्यंजनों का लुत्फ उठाया तो कटनी की प्रतिभाओं को मंच देने कटनी गॉट टेलेंट का दो दिवसीय आयोजन भी किया। जिसमें जिले की प्रतिभाओं ने मंच से डांस, सांग, कविता सहित अन्य विद्याओं की प्रस्तुति दी। जनजातीय गौरव सप्ताह अंतर्गत स्टोन फेस्टिवल के दौरान लखनऊ के कलाकार हिमांशु बाजपेयी व प्रज्ञा शर्मा ने वीरांगना रानी दुर्गावती दास्तान पर किस्सागोई की प्रस्तुति दी तो मैहर के प्रसिद्ध मैहर वाद्यवृंद के कलाकारों ने भी मंच से शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर मलिक बंधुओं ने ध्रुपद गायन की प्रस्तुति जागृति पार्क के मंच से दी।



# तिलक कॉलेज में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण

**कटनी।** संविधान दिवस के पावन अवसर पर शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. एस.के.खरे जी के संरक्षण में संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं महिला बाल विकास विभाग कटनी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कटनी के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. चित्रा प्रभात, विभागाध्यक्ष राजनीतिषास्त्र जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री दिनेष नोटिया एडीजे, श्री वी.डी. दीक्षित जिला विधिक सहायता अधिकारी, सुश्री वंष कुरवैती, श्री मनीष तिवारी जी रहे। इस कार्यक्रम में डॉ. चित्रा प्रभात ने सभागार में उपस्थित महाविद्यालय के शैक्षणिक संवर्ग, विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बारे में तथ्य परक जानकारी दी तथा शपथ भी दिलाई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री नोटिया जी ने संविधान उद्देषिका का पाठ सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को कराया साथ ही उन्होंने इसकी गरिमा एवं महत्व पर भी जानकारी दी। श्री वी.डी. दीक्षित जी ने कहा कि हमारा संविधान विभिन्न देषों के विभिन्न विचारों को मिलाकर के बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा निर्मित किया गया है। संविधान के नियमों के अनुसार ही हम अपने इस लोकतांत्रिक देष में स्वयं की, समाज की एवं देष की रक्षा कर सकते हैं। सुश्री वंष कुरवैती ने भी संविधान की महत्वपूर्ण विषेषताओं पर प्रकाष डाला। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संवर्ग एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. माधुरी गर्ग एवं आभार प्रदर्षन डॉ. राजकुमार ने किया।

## कोरोना योद्धाओं का सम्मान



कटनी। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कोरोना कोविड-19 की विपरीत परिस्थितियों में मानवता की सेवा में तत्पर रहें कोरोना योद्धाओं एवं नवनियुक्ति संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं संदीप जायसवाल के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

**भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दी सुविधा**

# अब कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकतें हैं आधार कार्ड

**कटनी।** अगर किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड नहीं है या खो गया है तो उसको कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है लेकिन अब ऐसे व्यक्तियों को कोई चिंता करने की बात नहीं है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण(यूआईडीएआई) ने अब आधार कार्ड को डाउनलोड करना आसान बना दिया है। गौरतलब है कि आज के समय में आधार कार्ड सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया है। आधार पहचान पत्र के साथ-साथ सभी सरकारी और गैर सरकारी कामों के लिए अनिवार्य हो गया है। आधार स्कूल में बच्चे के दाखिले, बैंक से लेनदेन, लोन और आरटीआर के लिए बहुत आवश्यक हैं। हर काम में आधार को जोड़ने से आम जनता को काफी राहत हुई है।




### ऐसे डाउनलोड करें अपना आधार कार्ड

-सबसे पहले यूआईडीएआइ के सीधे लिंक पर लॉगिन करें।
-इसके बाद अपना 12 नंबरों का आधार नंबर दर्ज करें।
-यदि आपको मास्क आधार कार्ड चाहते हैं तो पर क्लिक करें।
-इसके बाद सुरक्षा कोड या कैप्चा दर्ज करें। अब ओटीपी वाले ऑप्शन पर क्लिक करें।
-अब आपके रजिस्ट्रड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आ जाएगा।
-ओटीपी दर्ज करें, अब आपके सामने आधार कार्ड की डिटेल नजर आएगी।
-डाउनलोड कर क्लिक करें और भविष्य के लिए अपने पास रख लें।

### यूआईडीएआई ने ट्वीट कर दी जानकारी

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर इस सुविधा की जानकारी दी। यूआईडीएआइ ने बताया कि अपना आधार से कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकते है। आप नियमित आधार डाउनलोड करना चुन सकते हैं। यदि आपका आधार कार्ड गुम हो जाए तो आप इस लिंक की मदद से अपना आधार कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

### ऑनलाइन डाउनलोड करने का लिंक

यूआईडीएआई ने आधार कार्ड को ऑनलाइन डाउनलोड करने के लिए सीधा लिंक साझा किया है। से कोई भी अपना आधार कार्ड कभी भी कहीं भी डाउनलोड कर सकते है। आपको सिर्फ इस लिंक पर क्लिक करना होगा और आगे बताए गए निर्देशों का पालन करना होगा।

# कटनी से इंदौर बस सेवा का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

## प्रियदर्शनी बस स्टैंड के आडिटोरियम से हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कटनी।** नगर निगम द्वारा हब एंड स्पोक मॉडल आधारित क्लस्टर का निर्माण कर कटनी शहर व आसपास के शहर में बस सुविधा के लिए विभिन्न बस रूट तय किए गए हैं। जिनमें लोगों की सुविधा के लिए एसी व नॉन एसी बसों का संचालन किया जाना है। रविवार को कटनी से इंदौर के बीच सेवा के लिए दो बसों का संचालन प्रारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश सरकार के वित्त, वाणिज्यकर व जिले के प्रभारी जगदीश देवड़ा मौजूद थे। बस स्टैंड के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कटनी से दूसरे शहरों को जोड़ने के लिए प्रारंभ की जा रही सेवा की सराहना की और कहा कि इससे लोगों को निर्धारित राशि में यात्रा की अच्छी सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि कटनी के लिए यह महत्वपूर्ण क्षण है। यह एक अच्छी शुरूआत है और इससे कटनी व इंदौर के बीच यातायात सुगम होगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इंदौर के लिए बस सेवा से व्यापारिक दृष्टिकोण से भी कटनी को लाभ मिलेगा। विधायक विजयराघवगढ़ संजय पाठक ने कहा कि इंदौर के लिए प्रारंभ की गई यह सेवा बड़ी सौगात है। श्री पाठक ने इंट्रासिटी बस सेवा भी शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही। इससे पहले कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम प्रियंक मिश्रा ने प्रारंभ की जा रही बस सेवा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस सेवा के साथ ही शहर में



इलेक्ट्रिकल व्हीकल सेवा को प्रमोट करने का काम किया जाएगा। साथ ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा सहित अन्य अतिथियों ने कटनी से इंदौर के बीच प्रारंभ की जा रही बस सेवा का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। कटनी से इंदौर के अलावा कटनी से बालाघाट, कटनी से कान्हा तक एसी बस और चाका से पिपरौध और बिलहरी से बस स्टैंड मिनी बसों का संचालन भी प्रस्तावित है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

### ऑनलाइन टिकट, सीसीटीवी कैमरायुक्त हैं बसें

दीनदयाल सिटी बस सेवा सर्विसेस लिमिटेड के माध्यम से प्रारंभ की गई कटनी से इंदौर के बीच बस सेवा में टिकट की बुकिंग ऑनलाइन रहेगी। इसके अलावा जीपीएस व सीसीटीवी कैमरा युक्त बसों में महिलाओं व दिव्यांगों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है। स्टूडेंट एवं महिलाओं को पास में छूट के साथ ही मशीन के द्वारा भी बस स्टैंड में अलग से बनाए गए काउंटर टिकट उपलब्ध रहेंगी। टिकट काउंटर के साथ ही यात्री प्रतीक्षालय की सुविधा भी प्रदान की गई है। कटनी से इंदौर के बीच प्रारंभ हुई सेवा में कटनी से बस 7 बजे रवाना होगी और दमोह, सागर, विदिशा, भोपाल मार्ग से इंदौर दूसरे दिन 6.30 बजे पहुंचेगी। वहीं इंदौर से 7.30 बजे बस प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 8.30 बजे कटनी पहुंचेगी।



## आयुध निर्माणी की छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन

**कटनी।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी के छात्रों ने आधारशिला कटनी स्टोन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जागृति पार्क में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय से प्राथमिक एवम माध्यमिक दोनों वर्गों में बच्चो ने डॉ. चित्रा चतुर्वेदी एवम श्रीमती हेमलता कुमारी मैडम के मार्गदर्शन में चित्रकला नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्राओं अजंता मित्रा, सुस्मिता पंडा, यामिनी पांडे, नैंसी कुशवाहा सहित अन्य का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

## सचिन तिवारी सोशल मीडिया विभाग के संयोजक बने



**कटनी।** भाजपा के युवा नेता सचिन तिवारी को पुनः भाजपा सोशल मीडिया विभाग का जिला संयोजक बनाया गया है। सचिन पिछले काफी समय से सक्रियता के साथ पार्टी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कार्य करते हुए पार्टी का पक्ष रख रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने कल जिला कार्यालय में सचिन तिवारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अब पड़ने वाली है कड़ाके की ठंड

## दिन और रात के तापमान में आया साढ़े 16 डिग्री का अंतर, सुबह शाम सर्दी, दिन में धूप

**कटनी।** शहर में लगातार कई दिन से रात में तापमान में गिरावट जारी है। धीरे-धीरे पारा लुढ़कने के साथ ही दिन और रात के तापमान के बीच अंतर काफी बढ़ गया है। शहर में रविवार को दिन और रात के तापमान के बीच साढ़े 16 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा है। पारे में बड़े फर्क के कारण शाम ढलते ही हवा में ठंड ज्यादा महसूस हो रही है। देर रात से सुबह तक मौसम सर्द लगने लगा है। ठंडी हवा हल्की चुभ रही है। रविवार को दिन में हल्की धूप भी खिली। इसके बाद सर्द हवा की चुभन बढ़ गई है। शाम से ही गर्म कपड़े की जरुरत महसूस हो रही है। शहर में रविवार को तापमान में परिवर्तन नहीं आया। शनिवार के अपेक्षाकृत पारे में मामूली बदलाव दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। ये सामान्य से एक डिग्री से ज्यादा बना रहा। न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सी दर्ज हुआ। ये सामान्य के बराबर बना रहा। आर्द्रता सुबह के समय 64 प्रतिशत और शाम को 40 प्रतिशत थीं। उत्तर-पूर्वी हवा 2-3 किमी प्रतिघंटा की औसत गति से चली। मौसम विभाग के अनुसार शहर में मौसम मुख्यतः शुष्क बना हुआ है। शहर में न्यूनतम तापमान में अभी गिरावट जारी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :– katni@yashbharat.com

# आईसीसी ने रद्द किया था विश्व कप क्वालिफायर

## जिम्बाब्वे में छह श्रीलंकाई खिलाड़ी कोरोना संक्रमित

आईसीसी ने शनिवार को जिम्बाब्वे के हरारे में होने वाले महिला विश्व कप क्वालिफायर 2021 को रद्द कर दिया था। शनिवार को ही श्रीलंका का एक सपोर्ट स्टाफ भी कोरोना संक्रमित मिला था। अब वहां से एक और बुरी खबर आई है। श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम की छह खिलाड़ी कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। एशियन कंट्री क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

### आईसीसी ने टूर्नामेंट भी रद्द किया

शनिवार को आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका में कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन के सामने आने के बाद खतरे को देखते हुए विश्व कप क्वालिफायर को रद्द कर दिया था। साथ ही सभी देशों को जिम्बाब्वे से निकालने के लिए व्यवस्था भी की जा रही है। ओमिक्रॉन के सामने आने के बाद कई देशों ने वहां के लिए फ्लाइट सेवा बंद कर दी है।

### तीन टीमों को क्वालिफाई किया गया

हालांकि, अभी तक यह खुलासा नहीं हो पाया है कि संक्रमित खिलाड़ी ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित हैं कि नहीं। शनिवार को श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच हुए मैच को भी रद्द कर दिया गया था। महिला विश्व कप क्वालिफायर के रद्द होने के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज को रैंकिंग के आधार पर विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर दिया गया था। महिला विश्व कप अगले साल न्यूजीलैंड में खेला जाएगा।




### कई स्पोर्ट्स इवेंट स्थगित किए गए

इनके अलावा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पहले ही विश्व कप के लिए क्वालिफी कर चुकी है। शुक्रवार से ही अफ्रीका में कई स्पोर्ट्स इवेंट को स्थगित किया जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड्स के बीच चल रही वनडे सीरीज को भी स्थगित कर दिया गया था। इसके अलावा भारतीय-ए क्रिकेट टीम भी अफ्रीका दौरे पर है।

### भारतीय-ए टीम भी दक्षिण अफ्रीका में

ब्लोमफोंटेन में भारत-ए और दक्षिण अफ्रीका-ए के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इसके बाद भारत को भी दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना है। इस सीरीज की शुरुआत 17 दिसंबर से होगी। पहला टेस्ट जोहानिसबर्ग में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। इसके बाद 26 दिसंबर और 3 जनवरी से दो और टेस्ट खेले जाएंगे। 11, 14 और 16 जनवरी को तीन वनडे खेले जाएंगे। इसके बाद 19, 21, 23 और 26 जनवरी को चार टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

# पंजाब किंग्स रिलीज कर सकता है अपने सभी प्लेयर्स



डियन प्रीमियर लीग 2021 में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन शर्मनाक रहा। यही वजह रही कि केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम प्ले ऑफ में पहुंचने में विफल रही। अगले कुछ महीनों में आईपीएल 2022 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी होगी।. इस मेगा ऑक्शन से पहले पंजाब किंग्स की टीम बड़ा फैसला ले सकती है। ऐसा कहा है जा है कि पंजाब किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं करेगा। यह दावा एक रिपोर्ट में किया गया है। अगर ऐसा हुआ तो पंजाब किंग्स 90 करोड़ की धनराशि के साथ ऑक्शन में उतर सकता है। जहां पंजाब किसी खिलाड़ी के रिटेन के मूड में नहीं वहीं दूसरी फ्रेंचाइजी मेगा ऑक्शन से पहले अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर रही हैं।

### 30 दिसंबर अंतिम तारीख

आईपीएल की सभी आठ फ्रेंचाइजी से कहा गया है कि वे रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची 30 नवंबर तक सौंप दें। आईपीएल में 2022 में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इस बार लखनऊ और अहमदाबाद की टीमें दुनिया की सबसे बड़ी लीग आईपीएल से जड़ने जा रही हैं। वहीं, बीते दो सीजन में जिस तरह से पंजाब किंग्स ने प्रदर्शन किया है उससे कप्तान केएल राहुल संतुष्ट नही हैं। वह अब टीम के साथ रहना नहीं चाहते हैं जिसके संकेत उन्होंने पहले ही दे दिए हैं। ऐसा माना जा रहा है कि दो नई जुड़ने वाली टीमों में से किसी एक साथ वह खेलने के इच्छुक हैं।

### अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकता है पंजाब किंग्स

टेलीग्राफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार पंजाब किंग्स कुछ अनकैप्ड खिलाड़ियों को रिटेन कर सकता है जिसमें अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई शामिल हैं। लेकिन दोनों खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर फेंचाइजी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करती है तो उसे चार करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे। वही, आईपीएल 2021 में कप्तान केएल राहुल ने अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 626 रन बनाए थे।

# मैंने अपनी पूरी उम्र रंगभेद का सामना किया



पूर्व भारतीय क्रिकेटर और लेग स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने रंगभेद को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मौजूदा कमेंटेटर ने ट्विटर पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि उन्हें कई वर्षों तक रंगभेद का सामना करना पड़ा। भारत के लिए 9 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मुकाबले खेलने वाले लक्ष्मण ने ट्विटर पर लिखा, %जीवन भर मेरी आलोचना की गई और रंग को लेकर भेदभाव किया गया, इसलिए यह अब मुझे परेशान नहीं करता है। दुर्भाग्य से ऐसा हमारे ही देश में हुआ। उन्होंने यह बातें उस पोस्ट के जवाब में कहीं जिसमें कॉमेंटेटरों की ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात हो रही थी। गौरतलब है कि इससे पहले अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने भी रंगभेद को लेकर अपनी बात रखी थी। अगस्त 2017 में भारत और तमिलनाडु के सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया था। भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेलने वाले मुकुंद ने एक पोस्ट में लिखा था, %मैं यह किसी सहानुभूति या ध्यान खींचने के लिए नहीं बल्कि लोगों की सोच में बदलाव लाने के इरादे लिख रहा हूं। मैं 15 साल की उम्र से देश के अंदर और बाहर बहुत सफर किया है। मैं जबसे जवान हुआ लोगों को मेरी त्वचा के रंग पर बात करते देखा। मुकुंद के खुलासे के तीन साल बाद 2020 में डोडा गणेश ने भी ऐसा ही अनुभव साझा किया और रंगभेद के मुद्दे को उठाया।

# नुशरत भरुचा ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल







नई दिल्ली छोरी फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले नुशरत भरुचा ने अपने हालिया फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैद्य उन्होंने कुल 5 तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है नुशरत भरुचा को पोज करते हुए देखा जा सकता है पहली तस्वीर में नुशरत भरुचा को हाथों से पोज करते हुए देखा जा सकता हैद्य उन्होंने मेकअप लगा रखा हैद्य वह गंभीर मुद्रा में कैमरे की ओर देख रही हैंद्य नुशरत भरुचा ने धोती स्कर्ट पहन रखा हैद्य इसके अलावा उनकी क्लीवेज लाइन देखी जा सकती हैंद्य वहीं दूसरी फोटो में नुशरत भरुचा का चेहरा साफ नजर आ रहा हैद्य उन्होंने लिपस्टिक भी लगा रखी हैद्य इसके अलावा उन्होंने गले में ज्वेलरी भी पहन रखी हैद्य तीसरी फोटो में नुशरत भरुचा अलग अंदाज में पोज कर रही हैद्य चौथी फोटो में नुशरत भरुचा की क्लीवेज लाइन साफ नजर आ रही हैद्य इस फोटो में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैद्य वहीं पांचवी फोटो में नुशरत भरुचा काफी खूबसूरत

### फैंस ने कहा, वेरी ब्यूटीफुल

नजर आ रही है नुशरत भरुचा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है नुशरत भरुचा की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई हैद्य इसे अब तक 1 लाख 70 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैंद्य वहीं कई लोगों ने इसपर कमेंट किया हैद्य एक फैन ने लिखा है, आप वेरी ब्यूटीफुल लग रही हैद्य% वहीं एक अन्य ने लिखा है, आप बहुत ही प्रॉमिसिंग एक्ट्रेस हैद्य% वहीं अन्य ने लिखा है, मुझे एक छोरी अपने हाथ खड़े करके नजर आ रही हैद्य नुसरत भरूचा फिल्म एक्ट्रेस हैद्य उन्होंने कई फिल्मों में काम किया हैद्य उनके फिल्में काफी पसंद की गई हैद्य वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैद्य वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है जोकि बड़ी तेजी से वायरल होती हैद्य नुसरत भरूचा ने कई कलाकारों के साथ काम किया हैद्य इनमें कार्तिक आर्यन भी शामिल हैद्य कार्तिक आर्यन के साथ उनकी जोड़ी काफी पसंद की गई है। वह कई फिल्मों में नजर आनेवाली है

## न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में पहला टेस्ट




# अश्विन आज तोड़ेंगे हरभजन का रिकॉर्ड, पहले ही वसीम अकरम को छोड़ चुके हैं पीछे



अश्विन अपना 80वां टेस्ट खेल रहे हैं और 24 की औसत और 52 के स्ट्राइक रेट से 417 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 बार पारी में पांच विकेट और सात बार दोनों पारी मिलाकर 10 विकेट लिए हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर में पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस टेस्ट मे भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दोनों पारी मिलाकर अब तक चार विकेट ले चुके हैं। पहली पारी में अश्विन ने तीन विकेट लिए थे। दूसरी पारी में चौथे दिन का खेल खत्म होने तक अश्विन ने एक विकेट ले लिया। इसके साथ ही उनके टेस्ट करियर में 417 विकेट हो गए हैं और हरभजन सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कानपुर टेस्ट के पांचवें दिन एक विकेट लेते ही वह भज्जी के रिकॉर्ड को तोड़ देंगे।

### अश्विन का टेस्ट में रिकॉर्ड

अश्विन अपना 80वां टेस्ट खेल रहे हैं और 24 की औसत और 52 के स्ट्राइक रेट से 417 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 30 बार पारी में पांच विकेट और सात बार दोनों पारी मिलाकर 10 विकेट लिए हैं। पारी में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 59 रन देकर सात विकेट है। वहीं, मैच (दोनों पारी) में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 140 रन देकर 13 विकेट है। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट में 2755 रन बनाए हैं।

### अश्विन भज्जी का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं

अश्विन भज्जी का रिकॉर्ड तोड़ने से एक विकेट दूर हैं। हरभजन ने 103 टेस्ट में 32.46 की औसत और 68.5 के स्ट्राइक रेट से 417 विकेट लिए थे। एक पारी में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 84 रन देकर आठ विकेट है। वहीं, मैच में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 217 रन देकर 15 विकेट है। 25 बार टेस्ट में उन्होंने पारी में पांच विकेट लिए। वहीं, 5 बार दोनों पारी मिलाकर एक टेस्ट में 10 विकेट लिए। इसके अलावा भज्जी ने 2224 रन भी बनाए हैं।

### अश्विन और भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं

अश्विन के पास अब कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। कपिल ने टेस्ट में 434 विकेट लिए थे। वे भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं, अनिल कुंबले ने सबसे ज्यादा 132 टेस्ट में 619 विकेट चटकाए थे। ओवरऑल अश्विन ने तीन फॉर्मेट मिलाकर 242* मैचों में 628 विकेट लिए हैं। वनडे में 150 और टी-20 में 61 विकेट लिए हैं।

### कपिल देव का भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं

कपिल देव सभी फॉर्मेट मिलाकर भारत के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टेस्ट और वनडे मिलाकर 687 विकेट लिए हैं। हरभजन के नाम सभी फॉर्मेट मिलाकर 711 विकेट और कुंबले के नाम 956 विकेट हैं। अश्विन के पास इस साल कपिल देव के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने का मौका है। हरभजन और कुंबले के रिकॉर्ड में फिलहाल कुछ समय लग सकता है।

### टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट मुरलीधरन ने लिए

टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 800 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर शेन वार्न 708 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन 632 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा 563 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं।

### अश्विन ने वसीम अकरम का रिकॉर्ड तोड़ा

अश्विन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर शॉन पोलक के टेस्ट में विकेट के रिकॉर्ड से चार विकेट दूर हैं। पोलक ने 421 विकेट लिए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के रिचर्ड हेडली के नाम 431 विकेट हैं। अश्विन ने हाल ही में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का टेस्ट विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा था। वसीम ने 414 विकेट लिए थे। इसके अलावा अश्विन अनिल कुंबले के सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। कुंबले ने 31 बार पारी में पांच विकेट लिए। वहीं, अश्विन ने 30 बार यह कारनामा किया है।

# दुर्भाग्य ! सरकार की 8 योजनाओं पर जबलपुर सी ग्रेड में

## डिंडोरी, बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर और सिवनी जिले में बेहतर काम हुआ



# जबलपुर जिला पंचायत बेपरवाह

**जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं में जबलपुर जिले की स्थिति चिंताजनक है। 8 सरकारी योजनाओं में जबलपुर जिला पंचायत सी ग्रेड में जबकि संभाग के डिंडोरी, बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर और सिवनी जिले उपेक्षा से अनुरूप बेहतर काम किया है। इसका खुलासा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी की ग्रेडिंग में हुआ है। हालांकि जबलपुर के अलावा 13 जिले भी ऐसे है जहां पर सरकारी योजनाओं की बुरी स्थिति है।**

यशभारत विशेष खबर

जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना – वाटरशेड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत, सीएम हेल्प लाईन कुल 08 योजना की प्रगति के आधार पर ग्रेडिंग जारी की गई है। इन योजनाओं में ग्रेडिंग कम होने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जबलपुर जिले के ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है और यहां के अधिकारी भी सरकार की योजनाओं पर काम नहीं कर रहे हैं।

| क्र. | जिला | ओवरऑल ग्रेडिंग SRLM | NREGS | PMKSY | PMAY | MDM | SBM | Panchayat | CM Helpline | कुल अंक | औसत अंक | ग्रेडिंग | रैंक (30 सितम्बर 21) | गत माह की रैंकिंग (31 अगस्त 21) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 35 | GUNA | B | C | A | C | A | D | B | B | 29 | 3.63 | B | 25 | 9 |
| 36 | SHEOPUR | B | D | A | B | B | C | B | B | 29 | 3.63 | B | 26 | 21 |
| 37 | MANDLA | B | B | C | C | A | C | C | B | 29 | 3.63 | B | 27 | 26 |
| 38 | ANUPPUR | B | A | C | C | A | C | D | B | 28 | 3.50 | C | 28 | 20 |
| 39 | RATLAM | C | B | A | D | B | C | C | A | 28 | 3.50 | C | 28 | 21 |
| 40 | JABALPUR | B | C | C | C | B | A | D | A | 28 | 3.50 | C | 28 | 27 |
| 41 | RAJGARH | C | D | C | A | B | B | C | A | 28 | 3.50 | C | 28 | 35 |
| 42 | RAISEN | C | C | - | B | B | B | D | A | 24 | 3.43 | C | 29 | 22 |
| 43 | SATNA | C | C | - | D | B | B | B | A | 24 | 3.43 | C | 29 | 32 |
| 44 | JHABUA | A | D | A | D | A | C | C | B | 27 | 3.38 | C | 30 | 33 |
| 45 | SAGAR | B | C | B | C | A | C | D | B | 27 | 3.38 | C | 31 | 26 |
| 46 | REWA | B | C | B | C | B | C | D | A | 27 | 3.38 | C | 31 | 31 |
| 47 | TIKAMGARH | B | C | C | B | A | C | D | B | 27 | 3.38 | C | 31 | 34 |
| 48 | SHIVPURI | B | C | C | D | B | C | C | B | 25 | 3.13 | C | 32 | 12 |
| 49 | SINGRAULI | C | D | - | D | B | C | B | A | 21 | 3.00 | C | 33 | 37 |
| 50 | ALIRAJPUR | B | D | B | C | C | B | D | B | 24 | 3.00 | C | 34 | 25 |
| 51 | BHIND | C | C | - | D | B | C | D | B | 19 | 2.71 | D | 35 | 38 |

## जिला पंचायत में प्रत्येक कार्यालय में कुर्सी तोड़ रहे अधिकारी

### इन योजनाओं में जिले की बुरी स्थिति

**कम्प्यूटर में फर्जी आंकड़े भरने में माहिर है जिले के अफसर**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में जबलपुर की स्थिति बुरी है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पंचायत की योजना में है। इन योजनाओं की प्रगति को लेकर जिला पंचायत अधिकारियों ने काम ही नहीं किया।

### रैंकिंग भी खराब है जबलपुर जिले की

जिला पंचायत जबलपुर की स्थिति रैंकिंग भी खराब है। अगस्त माह में जिला 27 नवंबर पर था इसके बाद रैंकिंग ब ?कर 28 हो गई। बताया जा रहा है कि जबलपुर की स्थिति योजनाओं पर इसलिए खराब है क्योंकि जिला पंचायत का अमला टेबिल आंक ?ों पर ज्यादा भरोसा कर शासन को जानकारी भेजता है। इसका अंदाजा लगाना है तो जिला पंचायत के किसी भी कार्यालय में चले जाईये वहां पर सभी अधिकारी कर्मचारी कम्प्यूटर में आंक ? भरते नजर आते हैं।

### कितने अंकों कौन सी ग्रेडिंग मिलती है यहां समझे

- 4.25 या उससे ए प्लस अंक पर !
- 4 या 4 से अधिक किंतु 4.25 से कम अंक पर ए ग्रेडिंग
- 4 से कम अंक किंतु 3.5 अंक पर बी ग्रेडिंग
- 3.5 या उससे कम अंक किंतु 3 या उससे अधिक अंक पर सी ग्रेड
- 3 से कम अंक पर डी ग्रेड मिलता है

### संभाग के इन जिलों को मिली शाबासी

डिंडोरी, बालाघाट, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवा ?ा, सिवनी जैसे जिलों में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में बेहतर काम हुआ है। मतलब इन छोटे जिलो में सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचा है। इन सभी जिलों की ग्रेडिंग ए है जबकि जबलपुर की सी।

### योजनाओं में जबलपुर की स्थिति

- आजीविका मिशन– बी
- महात्मा गांधी रोजगार गारंटी– सी
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– सी
- मध्यान्ह भोजन– बी
- स्वच्छ भारत मिशन– ए
- पंचायत की योजना– डी
- सीएम हेल्पलाइन– ए

### मध्यप्रदेश जिलों की ग्रेडिंग

- ए प्लस में– 16 जिले
- ए ग्रेडिंग – 08
- बी ग्रेडिंग में – 13
- सी ग्रेडिंग में – 13
- डी ग्रेडिंग– 01 भिंड

### ग्रेडिंग के अंक

- ए के लिए 5 अंक
- बी के लिए 4 अंक
- सी के लिए 3 अंक
- डी के लिए 1 अंक

# साऊथ अफ्रीका से आई महिला निकली मिल्ट्री ऑफिसर

## आर्मी सेंटर में क्वारंटीन हुआ पूरा, आईसीएमआर में भेजा गया सैम्पल

**जबलपुर, यशभारत।** साऊथ अफ्रीका से आई महिला के कारण शहर से लेकर भोपाल तक में हड़कंप मच गया था। स्वास्थ्य और पुलिस महिला को खोजने के लिए लगी हुई थी। आज सोमवार को स्वास्थ्य विभाग को उस वक्त सफलता मिली जब महिला का आर्मी सेंटर में होना पाया गया है। अफ्रीका से आई महिला मिल्ट्री ऑफिसर निकली और एक ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल होने जबलपुर आई हुई है। मालूम हो कि 34 वर्षीय इस विदेशी महिला के जबलपुर आने का पता तब चल पाया जब भोपाल से उसके संबंध में पूछताछ शुरू हुई। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली में विदेशी स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत ही विदेशी महिला को जबलपुर तक आने की अनुमति दी गई होगी, इसलिए कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर जबलपुर में फिलहाल भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. रत्नेश कुरारिया ने कहा कि शासन के निर्देश पर विदेशी यात्रियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस समय दुनिया भर में ओमिक्रॉन की वजह से चिंता बढ़ गई है। यह डेल्टा वैरिएंट से सात गुना तेजी से फैल रहा है। साउथ अफ्रीका समेत कई देशों में इस वैरिएंट के मरीज मिल चुके हैं। डॉ विभोर हजारी एवं डॉ प्रियंक दुबे के अनुसार बोत्सवाना से जबलपुर आई महिला आमीज़ में कैप्टन है और यहाँ सीएमएम में कोस करने आई हैं। उनका दस दिन का आइसोलेशन पूरा कर चुकी हैं। मेडिकल चेकअप में वे पूरी तरह स्वस्थ पाई गई हैं उनमें कोई लक्षण नहीं है। डॉ विभोर हजारी और डॉ प्रियंक दुबे ने बोत्सवाना की आमीज़ में कैप्टन इस महिला का कोरोना टेस्ट हेतु सेम्पल भी लिया है जिसे परीक्षण हेतु आईसीएमआर भेजा जा रहा है। ओ एल खुमो नाम की 34 वषीज़्य इस महिला को बोत्सवाना में कोरोना की वैक्सीन भी लग चुकी है।


फाईल फोटो

### इस कारण फैला है दहशत

साउथ अफ्रीका के बोत्सवाना शहर की रहने वाली हैं। 34 वर्षीज्य खुमो ओरीमेट्सी लिन 18 नवंबर को दिल्ली से जबलपुर एयर इंडिया की फ्लाइट से पहुंची है। महिला पूरी तरह से स्वस्थ है और कोविड जैसे कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। पर साउथ अफ्रीका के बोत्सवाना शहर में इस समय दुनिया में कोविड के नए वेरियंट ओमीक्रोन फैला हुआ है। यह डेल्टा वेरियंट से सात गुना तेजी से संक्रमित कर रहा है।

### चिंता की कोई बात नहीं, महिला की रिपोर्ट निगेटिव



सीएमएचओ डॉक्टर रत्नेश कुरारिया के मुताबिक साउथ अफ्रीका निवासी खुमो ओरीमेट्सी लिन की आरटीपीसीआर रिपोट नामज़्ल है। 28 नवंबर की देर रात महिला से संपकज़ हो गया था। वह मिलिट्री हॉस्टल में रुकी हुई है। अभी वह क्वारंटीन है। एयरपोट पर सभी यात्रियों की जांच के क्रम में उसकी भी जांच हुई थी।

# हवलदार की बेटी फांसी में झूली

**सुसाइड नोट मिला, कहा–दर्द बढ़ गया है**

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर थाना अंतर्गत जीआरपी हवलदार की 22 साल की बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने जब लाड़ली को फंदे में झूलते हुए देखा तो चीख पड़े। जिसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर, सुसाइड नोट बरामद किया है। बताया जा रहा है कि सुसाइड नोट में लिखा है कि दर्द बढ़ गया था...। घमापुर थाना प्रभारी गंगाराम चंद्रवंशी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 22 बर्षिय युवती ने घर के कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। मृतिका के पिता जीआरपी में हवलदार पद पर पदस्थ है। पुलिस को सुसाइड नोट मिला है। युवती किसी गले की बीमारी से पीड़ित थी। जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। मामले की पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जूडा हड़ताल पर: ओपीडी, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर की सेवाएं प्रभावित



## नीट पीजी काउंसलिंग न होने से नाराज डॉक्टरों ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाष चंद बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में आज सोमवार 29 नवंबर को जूनियर डॉक्टर (जूडॉ.) हड़ताल पर रहेंगे। ओपीडी, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर में सेवाएं नहीं देंगे। हालांकि इमरजेंसी सेवाओं में जूडा काम करता रहेगा। ये हड़ताल नीट पीजी काउंसलिंग में हो रही देरी के विरोध में की जा रही है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉक्टर पंकज सिंह के मुताबिक समय पर नीट पीजी काउंसलिंग न होने से पीजी छात्रों की कमी हो रही है। इन हालात के विरोध में पूरे देश में जूनियर डॉक्टरों की तमाम संस्थाएं हड़ताल पर हैं। इसी के समथज़्न में जबलपुर सहित पूरे प्रदेश के जूडा आज दोपहर तक हड़ताल पर रहेंगे। चेतावनी दी कि एक दिन की हड़ताल के बाद भी भारत सरकार ने मांग नहीं मानी तो आगे और भी उग्र आंदोलन होगा।

### आंदोलन की ये है वजह

एमडी एमएस का सत्र हर साल एक जून से शुरू होता है। इस साल कोरोना की वजह से पहले तो परीक्षा में देरी हुई। इसके बाद अब काउंसलिंग में देरी से दाखले नहीं हो पा रहे हैं। आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोटज़् में मामला विचाराधीन है। जूडा का कहना है कि सुप्रीम कोटज़् ने सरकार को चार हफ्ते में जवाब पेश करने को कहा है। जूनियर डॉक्टर की मांग है कि सरकार जल्द जवाब दें, जिससे मामले का निराकरण होकर काउंसलिंग शुरू हो सके। फोटो: बबलू रजक

### 1800 में सिर्फ 500 जूडॉ काम कर रहे

जूडा का कहना है कि काउंसलिंग में देरी से एक तो दाखिला लेने वाले बैच का सत्र देर होगा। दूसरी बात यह कि प्रथम वर्ष के जूनियर डॉक्टर नहीं होने से द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्रों पर दबाव बढ़ा है। तृतीय वषज़् के छात्र थीसिस तैयार करने में लगे हैं, ऐसे में प्रदेश में तीनों साल के मिलाकर 1800 जूनियर डॉक्टरों की जगह सिफज़् द्वितीय वषज़् के 500 जूनियर डॉक्टर काम कर रहे हैं।

# बिलहरी गोलीकांड : 17 साल के शूटर को पुलिस ने दबोचा, दो आरोपी फरार

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में बदमाशों के दो गुट 20 नवंबर की रात आपस में टकरा गए थे। मारपीट, फायरिंग में एक गुट के कुख्यात बदमाश को गोली पैर में धंसी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए रविवार की दरमियानी रात एक नाबालिग शूटर को दबोच लिया है। प्रकरण में दो आरोपी फरार है। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। गोराबाजार पुलिस के अनुसार बिलहरी निवासी तारा यादव एनएसए का आरोपी है। वह जेल में बंद राजदीप गैंग का खास गुर्गा है। बिलहरी निवासी योगेश कुक्की से विवाद था। दोनों गैंग के बीच में लंबे समय से दुश्मनी है। दोनों पर मारपीट का मामला दर्ज है। योगेश का बेटा तारा के खिलाफ प्रकरण में फरियादी है। समझौता के लिए 20 नवंबर को बिलहरी पेट्रोल पंप पर बैठक बुलाई गयी थी। जहां समझौता ना होने के बाद फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था।

### दो आरोपी फरार

योगेश कुक्की को घायल कर आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही केंट सीएसपी भावना मरावी और एसआई इकबाल सिंह मौके पर पहुंचे थे। घायल को पहले विक्टोरिया और फिर वहां से मेडिकल में भर्ती कराया गया। सीएसपी केंट भावना मरावी के मुताबिक घायल के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच में पाया गया कि समझौते को लेकर यह विवाद हुआ था। जिसमें एक 17 बर्षिय नाबालिग को दबोच लिया है। वहीं मामले में तारा यादव और मार्शल पाल फरार है।

# पति दहेज में माँग रहा था कार

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर में 5 महिने पहले हुए शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज में कार की डिमांड करने लगे। इतना ही नहीं जिस युवक से शादी हुई वह पहले से शादीशुदा निकाला। जिसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई जारी है। जानकारी अनुसार 23 वर्षिय युवती अमखेरा निवासी ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज से जून 2021 को अमित रजक से हुई थी। उसके पति प्राईवेट जॉब करते हैं। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार सामान एवं जेवर दिये थे शादी के 2 दिन बाद से उसकी सास संध्या रजक एवं नंद प्रीति रजक उससे दहेज में कार की डिमांड करने लगी। जिसके बाद उसे प्रताड़ित करने लगे। उसके ससुर गोविंद रजक एवं देवर राहुल रजक भी दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे थे। वह इन सभी से परेशान होकर अपने पति अमित के साथ दिल्ली चली गई। जहां एक लड़की का सामान रखा था उसने पति से पूछा तो बताया कि उनकी रूम मेट है। दिल्ली में कमरे नही मिलते इसलिये हम लोग साथ में रहते थे। वह आकर अपना सामान लेकर चली जायेगी। लेकिन वह साथ ही रहने लगी थी। लेकिन उसके पति एवं नेहा बर्मन के व्यवहार को देखकर उसे शक हुआ।

# युवक के साथ मारपीट

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना अंतर्गत अनगढ़ महावीर मंदिर के पास दरमियानी रात दो युवकों ने आपसी रंजिश के चलते पीड़ित को बुरी तरह पीट–पीटकर अधमरा कर दिया और मौके पर छोड़कर भाग गाए। जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राकेश पासी पिता गनेश पासी 35 वर्ष अपने घर के सामने टलह रहा था। तभी संतोष और मुकेश झारिया वहां से निकले और गालीगलौच करने लगे।

# शराब दुकान से 45 हजार चोरी, गोहलपुर में टूटा ताला

**जबलपुर, यशभारत।** अंग्रेजी शराब की दुकान में चोर गल्ले से नगदी और शराब की बॉटल लेकर फरार हो गए। संजीवनी नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। संजीवनी नगर पुलिस के मुताबिक पटेल स्वीट्स के बाजू में मेन रोड अंग्रेजी शराब दुकान है। दुकान के कर्मचारी दुकान बंद करके घर चले गए थे। देर रात करीब 3 से 4 के बीच एक चोर सामने के दरवाजे से ताला तोड़कर अंदर घुसा और दुकान के गल्ले में रखें करीब 40 से 45 हजार रुपए नगद और शराब की 2 बोतल चुरा ले गया।

### पूरी वारदात दुकान के सीसीटीवी में कैद

दुकान के सेल्समैन नया नगर पांडव कॉलोनी निवासी अमर कुशवाहा (27) ने चोरी का मामला दर्ज कराया है। दुकान मैनेजर बबलू शिवहरे के मुताबिक शाम छह बजे के बाद का गल्ला दुकान में ही रख दिया था। चोरी की ये पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

### त्रिमूर्ति नगर में टूटा ताला

तो वहीं थाना गोहलपुर अंतर्गत त्रिमूर्ति नगर में एक घर का ताला तोड़कर चोरी अंदर घुसने का प्रयास कर रही रहे थे कि तभी आवाज सुनकर आए पड़ोसी को देखकर चोर रफूचक्कर हो गए। जानकारी अनुसार लकी उपाध्याय ने बताया कि कल रात घर सूना था, तभी चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़ दिया। गनीमत यह रही कि पड़ोसियों के आ जाने से चोर भाग गए। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
गमी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज–जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन– 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन– 0761–2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)